page 1_Layout 1 14-09-2026 21:21 Page 1

डेली आवाज़ भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवाज़ भारती

आवश्यकता

'**डेली आवाज़ भारती**' को विभिन्न क्षेत्रों में न्यूज़ रिपोर्टर एवं ब्यूरो चीफ की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी पत्रकार संपर्क करें।
मो. +91 98766 79246

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » मंगलवार, 15 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :143 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

पंजाब में पहली बार गैंगस्टरों और ड्रग्स की समस्या के खिलाफ हो रही सख्त कार्रवाई : सीएम मान

हमारी सरकार ने जनवरी से अब तक 10 गैंगस्टरों को विदेश से सफलतापूर्वक पंजाब वापस लाया हैः सीएम भगवंत सिंह मान

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजनः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को कहा कि जहाँ उनकी सरकार गैंगस्टरों और ड्रग्स की समस्या के खिलाफ़ निर्णायक कार्रवाई कर रही है, वहीं विपक्ष पंजाब के लिए कोई विज़न पेश करने के बजाय मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए हर दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल करके 'गिद्ध राजनीति' कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनवरी से अब तक 10 गैंगस्टरों को विदेश से पंजाब वापस लाया गया है और सरकार की सख़्त कार्रवाई के बाद पाकिस्तान से आने वाली लगभग 80 प्रतिशत ड्रग्स की सप्लाई खत्म हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अब गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान से आने वाली सप्लाई पर भी शिकंजा कसेगी। उन्होंने ड्रग्स के रास्ते को लेकर बीजेपी पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि अगर बीजेपी गुजरात में मुंद्रा पोर्ट पर ध्यान दे, तो पंजाब में ड्रग्स की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस और अकाली दल, जिन्होंने गैंगस्टर्स को पाला-पोसा, उन्हें कानून-व्यवस्था पर बात करने का कोई हक नहीं है। उन्होंने तीनों विपक्षी पार्टियों से अपनी 'गंदी राजनीति' बंद करने और पंजाब के लिए अपना विजन लोगों के सामने रखने को कहा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विपक्ष की 'गिद्ध वाली राजनीति' (vulture politics) की आलोचना करते हुए सीएम भगवंत सिंह मान ने कहा, 'जब आपके पास कोई मुद्दा नहीं होता, तो आप हर दुखद घटना का फायदा उठाने लगते हैं। यह जनसेवा की राजनीति नहीं है, यह गिद्ध वाली राजनीति है। पंजाब इस सस्ती राजनीति से कहीं बेहतर का हकदार है। मुख्यमंत्री ने कहा, नशीले पदार्थों, गैंगस्टर्स और संगठित अपराध के खिलाफ पंजाब सरकार की लगातार लड़ाई की सराहना करने के बजाय, विपक्ष अपने छोटे-मोटे राजनीतिक फायदे के लिए जानबूझकर डर का माहौल बना रहा है और पंजाब को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। पंजाब सिर्फ एक सीमावर्ती राज्य नहीं है, बल्कि देश का प्रवेश द्वार और भारत का एक अनमोल रत्न है। कुछ इक्का-दुक्का घटनाओं के आधार पर पूरे राज्य की छवि खराब करने की कोशिश करना, पंजाब और उसके लोगों को बदनाम करने की एक सोची-समझी साजिश है। CM भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार ने नशीले पदार्थों, गैंगस्टर्स और संगठित अपराध के गठजोड़ को खत्म करने के लिए एक



व्यापक रोडमैप अपनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी लड़ाई सिर्फ गिरफ्तारियां करने तक सीमित नहीं है। हम नेटवर्क की पहचान कर रहे हैं, खेप (consignments) को रोक रहे हैं, वित्तीय स्रोतों को बंद कर रहे हैं और दोषियों को सजा दिला रहे हैं। पंजाब पुलिस दिन-रात काम कर रही है और हमने अपराधियों को राज्य का एजेंडा तय नहीं करने दिया है। नशीले पदार्थों और गैंग से जुड़ी गतिविधियों में शामिल लोगों का लगातार पीछा किया जा रहा है, चाहे उनके राजनीतिक संबंध या प्रभाव कुछ भी हों। ड्रग तस्करी के मुद्दे पर BJP पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 532 किलोमीटर लंबी सीमा के पार से पंजाब में ड्रग्स की तस्करी करने की हताश कोशिशें की जा रही हैं। पंजाब में भेजी जा रही ड्रग्स की खेप भले ही छोटे पैकेटों में हो, लेकिन BJP, खासकर केंद्रीय गृह मंत्री को यह जवाब

■ अकाली दल और कांग्रेस, जिन्होंने गैंगस्टरों को पाला-पोसा, उन्हें कानून-व्यवस्था पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है : सीएम भगवंत सिंह मान

देना चाहिए कि BJP शासित राज्यों में ऐसी भारी मात्रा में ड्रग्स कैसे उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, पंजाब पुलिस ने मुंद्रा पोर्ट से ऐसी ड्रग्स की एक बड़ी खेप बरामद की है, जो केंद्रीय गृह मंत्री का गृह राज्य है। केंद्रीय गृह मंत्री अपने ही राज्य में ड्रग्स को रोकने में नाकाम रहे हैं और पंजाब में नशा-विरोधी यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी रोकना मुख्य रूप से केंद्र सरकार की गिरफ़्तार करने की बात नहीं है। हम उनके नेटवर्क को तोड़ रहे हैं, उनकी सप्लाई चेन काट रहे हैं, उनके फ़ाइनेंशियल चैनलों पर हमला कर रहे हैं और उन लोगों का पीछा कर रहे हैं जो इन क्रिमिनल सिंडिकेट को चला रहे हैं, उन्होंने कहा। CM भगवंत सिंह मान ने कहा, "BJP की इन बुरी साज़िशों का मक़सद सिर्फ़ पंजाब और पंजाबियों को बदनाम करना है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सरकार ने गैंगस्टरों के ख़िलाफ़ सख़्ती से कार्रवाई की है, ऑर्गनाइज्ड क्राइम और क्रिमिनल नेटवर्क से जुड़े लोगों की बड़ी संख्या में गिरफ़्तारी और डिपोर्टेशन की कार्रवाई की गई है। मौजूदा सरकार को लेक्चर देने के बजाय, अपने कार्यकाल के दौरान गैंगस्टरों के कल्चर और ड्रग नेटवर्क को क्यों फलने-फूलने दिया गया? उन्होंने विपक्ष से पूछा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग अब कानून-व्यवस्था पर उपदेश दे रहे हैं, उन्हें पहले अपने अतीत पर नज़र डालनी चाहिए। उन्होंने कहा, पंजाब के लोग उन काले दिनों को नहीं भूले हैं जब गैंगस्टरों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था और अपराधियों को बिना किसी डर के काम करने की छूट थी। अकाली दल, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सीएम भगवंत सिंह मान ने कहा कि जिन लोगों ने अतीत में आपराधिक तत्वों को संरक्षण दिया था, उन्हें आज सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, हर त्रासदी का राजनीतिकरण करके इतना नीचे न गिरें क्योंकि ऐसी राजनीति के कारण पंजाब पहले ही बहुत कुछ झेल चुका है। मुख्यमंत्री ने साफ़ तौर पर कहा कि लोग समाधान चाहते हैं, न कि बनावटी विवाद। लोग समाधान चाहते हैं, न कि बनावटी विवाद। राज्य सरकार ड्रग्स और ऑर्गनाइज्ड क्राइम के ख़िलाफ़ अपने रोडमैप पर बिना किसी समझौते के काम करती रहेगी। ष्टरू भगवंत सिंह मान ने कहा पंजाब नशीले पदार्थों के ख़िलाफ़ लड़ाई में एक लीडर के तौर पर उभरा है, पंजाब पुलिस ने भारी मात्रा में बरामदगी की है और सप्लाई नेटवर्क को तोड़ा है, उन्होंने कहा कि सरकार पंजाब को ऐसी समस्या के लिए बलि का बकरा नहीं बनने देगी जिसके नेटवर्क राज्य से कहीं आगे तक फैले हुए हैं। यात्राओं, बयानों और चुनिंदा नैरेटिव के ज़रिए लोगों को गुमराह करने के खिलाफ राजनीतिक दलों को चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पंजाबियों को हमेशा गुमराह नहीं कर सकते। आप पंजाबियों को हमेशा गुमराह नहीं कर सकते।

जालंधर में मंत्री मोहिंदर भगत के घर के पास किसानों का धरना

18 सितंबर के बाद रेल-हाईवे रोकने की चेतावनी

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः पंजाब में किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। सोमवार दोपहर किसान संगठनों ने जालंधर में कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत के घर के पास स्थित पार्क में धरना शुरू कर दिया। किसान संगठनों ने 14 से 18 सितंबर तक पंजाब के मंत्रियों के घरों के बाहर पक्का मोर्चा लगाने का ऐलान किया है। किसान नेताओं ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर 18 सितंबर तक उनकी मांगों पर कोई ठोस और सकारात्मक फैसला नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रेल यातायात और राष्ट्रीय राजमार्गों को रोकने जैसे कदम उठाने की चेतावनी दी है। धरने के दौरान किसान नेताओं ने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन के



दौरान सामान चोरी होने का आरोप लगाया। किसानों का कहना है कि आंदोलन के दौरान पंजाब पुलिस की ओर से किसानों की ट्रॉलियों, एसी और अन्य सामान कथित तौर पर ले लिया गया था। किसान संगठनों ने सरकार से मांग की है कि किसानों का सामान जल्द से जल्द वापस करवाया जाए। किसान नेताओं ने हाल ही में अमेरिका के साथ हुए ट्रेड समझौते को लेकर भी विरोध जताया। उनका कहना है कि इस समझौते का आने वाले समय में भारतीय किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसानों ने सरकार से इस समझौते को रद्द करने की मांग की है। इसके साथ ही पंजाब के किसानों पर चढ़े कर्ज को केंद्र और पंजाब सरकार द्वारा मिलकर माफ करने की मांग भी उठाई गई। धरने के दौरान किसानों ने घरों में लगाए जा रहे डिजिटल यानी चिप वाले बिजली मीटरों का भी विरोध किया। किसान नेताओं का आरोप है कि इन मीटरों की वजह से बिजली की खपत के मुकाबले अधिक बिल आ रहे हैं। किसानों ने सरकार से ऐसे मीटरों को बंद करने और बिजली बिलों से जुड़ी समस्या का समाधान करने की मांग की। पंजाब में लगातार लग रहे लंबे बिजली कटों को लेकर भी किसान नेताओं ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से बिजली कट नहीं लगाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन कई इलाकों में लोगों को कई-कई घंटे बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

भारतीय महिला टीम ने जीता एशिया कप

पाकिस्तानी बोर्ड के चीफ से ट्रॉफी लेने से किया इनकार

■ श्रीलंका को फाइनल में 72 रन से हराकर जीता खिताब
■ भारतीय टीम 8वीं बार इस खिताब को अपने नाम किया
■ मोहसिन नकवी को होटल जाते समय फैंस ने चिढ़ाया भी

डेली आवाज भारती

भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को फाइनल में 72 रन से हराकर एशिया कप जीत लिया है। भारतीय टीम रिकॉर्ड 8वीं बार इस खिताब





को अपने नाम किया है। एशिया कप जीतने के बाद भारतीय महिला टीम ने भी पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। दरअसल मोहसिन नकवी मैच खत्म होने के बाद प्रेजेंटेशन के लिए स्टेज पर पहुंचे। उन्होंने श्रीलंकाई टीम को मेडल और कप्तान को रनर-अप का चैक दिया। जिसके बाद प्रेजेंटेशन को खत्म कर दिया गया और मोहसिन नकवी होटल की तरफ रवाना हो गए। मोहसिन नकवी के होटल जाते समय भारतीय फैंस ने उन्हें चोर कह कर चिढ़ाया भी। क्योंकि साल पहले ही पुरुषों के एशिया कप में भी मोहसिन नकवी से भारतीय टीम ने ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद वह ट्रॉफी अपने साथ लेकर चले गए।

बीसीसीआई ने लिया ट्रॉफी न लेने का फैसला : कोच

वहीं इस मामले पर भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि ट्रॉफी न लेने का फैसला BCCI ने लिया है और हम उनके साथ हैं। यह टूर्नामेंट हमारे लिए खत्म हो चुका है। हम चैंपियन हैं और हमारे लिए इतना ही काफी है। अब हमारा ध्यान एशियन गेम्स पर है।


लुधियाना में एनकाउंटर : 2 गैंगस्टर ढेर, रक्तदान शिविर में वारदात की थी तैयारी

● दोनों बदमाश डोनी बाल गैंग से जुड़े हुए ● कुछ लोगों को निशाना बनाने के लिए पहुंचे

■ उनसे अत्याधुनिक हथियार भी हुए बरामद
■ पहचान और हथियारों की जानकारी नही

डेली आवाज भारती (क्राइम)

लुधियाना। लुधियाना में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) और पुलिस के बीच मुठभेड़ में दो गैंगस्टर मारे गए हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों बदमाश एक रक्तदान शिविर के दौरान कुछ लोगों को निशाना बनाने के लिए पहुंचे थे। लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए दोनों बदमाश डोनी बाल गैंग से जुड़े हुए थे। उनके पास अत्याधुनिक हथियार भी बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार थे और



पहले भी पुलिस व बदमाशों के बीच हो चुकी मुठभेड़

पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, इस गैंग के तार कुछ साल पहले हुए रवि खुवाजके हत्याकांड से जुड़े एक प्रतिद्वंद्वी गैंग से भी जुड़े रहे हैं। इस मामले में पहले भी पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो चुकी है। पुलिस की ओर से जल्द ही प्रेस नोट जारी कर पूरे मामले की जानकारी दी जाएगी।

मुठभेड़ हो गई। फिलहाल पुलिस ने पुलिस उनका पीछा कर रही थी। इसी दौरान आत्म नगर के पास पुलिस और गैंगस्टरों के बीच दोनों गैंगस्टरों की पहचान और बरामद हथियारों को लेकर ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है।

भाजपा का पंजाब में सरकार बनाने की ओर नया कदम

भाजपा की 4,000 किमी 'नशा मुक्त पंजाब' यात्रा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में नशे के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने राज्यव्यापी अभियान का ऐलान किया है। पार्टी की ओर से 18 से 30 सितंबर तक चार 'नशा मुक्त पंजाब यात्राएं' निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के जरिए प्रदेश के सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचने और नशे के खिलाफ जनजागरूकता का संदेश देने की योजना है। चारों यात्राएं मिलकर करीब 4,000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। भाजपा का कहना है कि अभियान का मकसद पंजाब को



नशे से मुक्त करने के लिए लोगों को साथ जोड़ना और नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना है। पार्टी ने नशे के साथ-साथ कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार को भी अभियान के प्रमुख मुद्दों में शामिल किया है। भाजपा नेताओं ने नशे की समस्या से निपटने में पुनर्वास और नशे के नेटवर्क की आर्थिक कड़ी पर कार्रवाई को भी जरूरी बताया है। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने चंडीगढ़ में अभियान की घोषणा की। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह बादल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और अश्वनी शर्मा समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि यह अभियान सिर्फ जागरूकता तक सीमित नहीं है। पार्टी नशे के मुद्दे को पंजाबियत, अपराध और शासन-व्यवस्था से जोड़ना चाहती है। साथ ही आप सरकार को सीधे चुनौती देना चाहती है कि दावों के बावजूद यह समस्या क्यों बनी हुई है।

मानसा में दर्दनाक सड़क हादसा

पीआरटीसी बस से टकराई स्कूल बस, 10-15 बच्चे घायल

■ एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही, इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही पुलिस

मानसा में सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे नेशनल हाईवे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। किशनगढ़ के हौली हार्ट पब्लिक स्कूल की स्कूल बस आगे जा रही PRTC बस से टकरा गई। हादसे में स्कूल बस में सवार करीब 10 से 15 बच्चे घायल हो गए, जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सऔर जांच शुरू कर दी। पुलिस हादसे के कारणों और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। हादसे में स्कूल बस ड्राइवर की दोनों टांगें टूट गई। सभी घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, एक छोटी बच्ची को भी ज्यादा चोटें आई हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूल बस में सवार बच्चे घायल हो गए और ड्राइवर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।



स्कूल बस पीआरटीसी बस से जा टकराई

PRTC **बस** मानसा से जाखल की तरफ जा रही थी। ड्राइवर के अनुसार, अचानक एक बाइक सवार बस के सामने आ गया। बाइक सवार के कान पर फोन लगा हुआ था। उसे बचाने के लिए क्क्षष्ट बस ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाए। इसी दौरान पीछे से आ रही स्कूल बस क्क्षष्ट बस से जा टकराई।

ज़हरीली शराब पीने से 9 लोगों की मौत, मृतकों में एक ही परिवार के 3 सदस्य भी शामिल

■ शराब पीने के बाद सांस लेने में दिक्कत हुई और मौत हो गई
■ बड़े स्तर पर तलाशी और छापेमारी अभियान शुरू किया है

डेली आवाज भारती (क्राइम)

नई दिल्ली। नगालैंड के तुएनसांग जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से पिछले तीन दिनों में 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, शराब पीने के बाद कुछ लोगों को सांस लेने में



दिक्कत हुई और इसके बाद उनकी मौत हो गई। घटना सामने आने के बाद तुएनसांग पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़े स्तर पर तलाशी और छापेमारी अभियान शुरू किया है। पुलिस ने शहर और चेंदांग सैडल इलाके में कई स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रभावित लोगों ने शराब पीने के बाद सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ती चली गई और पिछले तीन दिनों में 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध शराब की बिक्री और सप्लाई से जुड़े लोगों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच के दौरान तुएनसांग पुलिस ने शहर और चेंदांग सैडल इलाके में कई जगहों पर तलाशी ली। इस कार्रवाई में पुलिस को शराब के कई पाउच मिले। इसके अलावा करीब 470 बोतल IMFL यानी इंडियन मेड फॉरेन लिकर और बीयर के कैन भी जब्त किए गए। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई गई थी और क्या इसका संबंध मृतकों द्वारा पी गई शराब से है।

नगालैंड में शराब पर है पूरी तरह प्रतिबंध

नगालैंड में शराब की बिक्री और सेवन पर लंबे समय से प्रतिबंध है। इसके बावजूद जिले में अवैध शराब की मौजूदगी और कथित जहरीली शराब से 9 लोगों की मौत ने प्रशासन की निगरानी और अवैध शराब के नेटवर्क पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि लोगों की मौत किस प्रकार की शराब पीने से हुई और इसके पीछे कौन लोग जिम्मेदार हैं।

CMYK

page 2_Layout 1 14-09-2026 17:58 Page 1

यूके के बाजार में हरियाणा के टेक्सटाइल, फुटवियर, रत्न-आभूषण और इंजीनियरिंग क्षेत्र के लिए खुलेंगे नए अवसर : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत-यूके सीईटीए हरियाणा के लिए वैश्विक व्यापार के नए अवसर खोलने वाला महत्वपूर्ण समझौता है। इससे राज्य के टेक्सटाइल, फुटवियर, रत्न एवं आभूषण और इंजीनियरिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों को यूके के बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। यह समझौता हरियाणा के युवाओं, किसानों, एमएसएमई और स्टार्टअप्स को वैश्विक निवेशकों और नई तकनीकों से जोड़कर विकास के नए अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को गुरुग्राम स्थित यूनिवर्सिटी में 'हरियाणा-यूके सीईटीए ट्रेड ब्रिज = अनलॉकिंग ग्लोबल अपॉर्च्युनिटीज फॉर हरियाणा' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन यूके हाई कमीशन के सहयोग से किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विदेश समन्वय विभाग का लोगो भी लॉन्च किया। उन्होंने यूके से आए ब्रिटिश हाई कमीशन के प्रतिनिधियों, विदेशी मित्रों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, निवेशकों और अन्य साझेदारों का हरियाणा की कर्मभूमि पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत और यूके के संबंध वर्षों पुरानी साझेदारी, लोकतांत्रिक मूल्यों, नवाचार और मजबूत जन-से-जन संपर्क पर आधारित हैं। हजारों हरियाणवी परिवारों सहित लाखों प्रवासी भारतीयों ने यूके के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, वहीं ब्रिटिश संस्थानों ने भी हरियाणा की विकास यात्रा में विश्वसनीय साझेदार की भूमिका निभाई है। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा हरियाणा नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य बन चुका है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 में



भारत की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और उसी समय भारत-यूके संबंधों के भी 100 वर्ष पूरे हो रहे होंगे। इसी राष्ट्रीय संकल्प के साथ हरियाणा ने देश की अर्थव्यवस्था में एक ट्रिलियन डॉलर का योगदान देने का ऐतिहासिक लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि आगामी 1 नवंबर को हरियाणा अपनी स्थापना के 60 गौरवशाली वर्ष पूरे करने जा रहा है। ये छह दशक किसानों की मेहनत, श्रमिकों के पसीने और उद्यमियों की दूरदर्शिता के साक्षी हैं। 2016 की सफलता के बाद 2027 में फिर होगा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी ऐतिहासिक पड़ाव पर अगले वर्ष 5 से 7 अप्रैल, 2027 तक 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027' का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले वर्ष 2016 में आयोजित समिट में 6 लाख 41 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि गत 23 और 24 अगस्त को मुंबई से 'हैपनिंग हरियाणा 2.0' अंतरराष्ट्रीय आउटरीच कैंपेन की शुरुआत की गई। मुंबई में 17 कंपनियों के साथ 66 हजार करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू हुए। इस दौरान 200 से अधिक प्रमुख बिजनेस लीडर्स, उद्यमियों और हरियाणवी डायस्पोरा सदस्यों के साथ संवाद हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के प्रचार-प्रसार के लिए देश के सात प्रमुख शहरों और जापान, दक्षिण कोरिया, दावोस, जर्मनी, यूके, ब्राजील, चिली और दुबई जैसे विश्व के नौ प्रमुख आर्थिक केंद्रों में रोड शो आयोजित किए जाएंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई, डेटा सेंटर, मेडिकल डिवाइस, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एग्रीबिजनेस और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे भविष्य के उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने हाल ही में 10 क्षेत्र-विशिष्ट नीतियां लागू की हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030-31 तक 5 लाख करोड़ रुपये का नया निवेश आकर्षित करना और 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित करना है। इन नीतियों के शुरूआत के पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये के 110 एमओयू हुए, जिनमें 24 हजार 350 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा ने एमएसएमई और निर्यात क्षेत्र के लिए 60 परिवर्तनकारी पहल की हैं। फरवरी 2019 में पहली एमएसएमई नीति लागू किए जाने के बाद राज्य में 15 लाख से अधिक एमएसएमई का औपचारिक पंजीकरण हुआ है।

अब 'हरियाणा प्रोग्रेसिव एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2026' लाई गई है। इसके तहत 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करने, 5 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित करने और राज्य के निर्यात को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के मात्र 2 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में होने के बावजूद हरियाणा देश की सबसे गतिशील अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभरा है। मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमोटिव सेक्टर से लेकर टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और कृषि तक राज्य ने नए आयाम स्थापित किए हैं। गुरुग्राम आज भारत के प्रमुख व्यावसायिक, तकनीकी और वैश्विक सेवा केंद्रों में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव संयोग नहीं है, बल्कि वर्ष 2014 से उद्योग जगत के साथ निरंतर सीधे संवाद, किसानों की मेहनत, युवाओं की ऊर्जा और निवेशकों के अटूट विश्वास का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती दुनिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैश्विक सप्लाई चेन के पुनर्गठन को ध्यान में रखते हुए हरियाणा ने 'गो ग्लोबल' का दूरदर्शी विजन अपनाया है। भारत-यूके सीईटीए इस दिशा में एक मील का पत्थर है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक निवेश और व्यापार को गति देने तथा भारत-यूके सीईटीए जैसे समझौतों को सुचारू रूप से लागू करने के लिए हरियाणा सरकार ने वर्ष 2020 में विदेश सहयोग विभाग का गठन किया था।

पीईसी ने स्वर्गीय श्री सुधीर गुप्ता के परिवार के साथ पीईसी में एक छात्रा की इंजीनियरिंग शिक्षा की फीस प्रायोजित करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), चंडीगढ़ ने PEC के पूर्व छात्र एवं 1990 बैच के सिल्वर मेडलिस्ट स्वर्गीय श्री सुधीर गुप्ता के परिवार के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य PEC की एक छात्रा की शिक्षा को बढ़ावा देना और उसका समर्थन करना है। इस पहल के अंतर्गत गुप्ता परिवार ने PEC की एक छात्रा की इंजीनियरिंग शिक्षा की फीस प्रायोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है, जिससे पेशेवर इंजीनियरिंग शिक्षा प्राप्त कर रही एक योग्य छात्रा को आर्थिक सहायता प्रदान की जा सकेगी। यह पहल श्री गुप्ता के अपने अल्मा मेटर के साथ स्थायी जुड़ाव की स्मृति को सम्मानित करने के साथ-साथ



शिक्षा के माध्यम से युवा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक और स्थायी योगदान है। स्थ पर डॉ. राजेश कुमार भाटिया, निदेशक (एड-इंटरिम), PEC तथा डॉ. राजेश कंडा, डीन, एलुमनाई रिलेशंस, PEC की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। गुप्ता परिवार की ओर से श्री दया किशन गुप्ता, पिता; श्रीमती रश्मि गुप्ता, पत्नी; सुश्री सुनीता गुप्ता, बहन; तथा श्री आरुष गुप्ता, पुत्र, स्वर्गीय श्री सुधीर गुप्ता उपस्थित रहे। डॉ. संदीप कौर, प्रमुख, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग, PEC तथा स्वर्गीय श्री सुधीर गुप्ता की सहपाठी, भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। सभा को संबोधित करते हुए, डॉ. राजेश कुमार भाटिया, निदेशक (एड-इंटरिम), PEC, ने स्वर्गीय श्री सुधीर गुप्ता के जीवन और उनके मूल्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बलिदान और जीवनभर अपनाए गए नैतिक सिद्धांतों को नमन किया। उन्होंने युवा पीढ़ी से ऐसे अनुकरणीय व्यक्तित्वों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया, जिन्होंने ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी। उन्होंने कहा कि उनके योगदान और बलिदान को वही सम्मान और पहचान मिलनी चाहिए जो उन सैनिकों के बलिदान को दी जाती है, जो राष्ट्र के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। स्थ हस्ताक्षर समारोह के क्रम में स्वर्गीय श्री सुधीर गुप्ता की स्मृति में "Energy Security and Strengthening IndiaÓs Green Pathways" विषय पर एक स्मृति व्याख्यान भी आयोजित किया गया। व्याख्यान श्री एस. के. सिन्हा, इंजीनियरिंग कंसल्टेंट, PNGRB, भारत सरकार द्वारा दिया गया और इसमें ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता तथा भारत के हरित ऊर्जा की दिशा में संक्रमण के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का समन्वय एवं आयोजन श्री दीपक जैन, सीनियर सॉल्यूशन आर्किटेक्ट, Orange Business, स्वर्गीय श्री सुधीर गुप्ता के सहपाठी एवं करीबी मित्र तथा PEC के पूर्व छात्र, द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। PEC ने गुप्ता परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया कि उन्होंने स्वर्गीय श्री सुधीर गुप्ता की स्मृति को एक ऐसी स्थायी पहल में परिवर्तित किया, जो एक योग्य छात्रा को इंजीनियरिंग शिक्षा के माध्यम से समर्थन और सशक्त बनाएगी।

जे.सी. बोस के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएं युवा : हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज स्नातकों से आचार्य जगदीश चंद्र बोस के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा और बायोटेक्नोलॉजी के इस दौर में आचार्य बोस की जिज्ञासा और नवाचार की भावना पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। राज्यपाल ने युवा पीढ़ी से विकसित, आत्मनिर्भर और समावेशी भारत के निर्माण में सीधे भागीदारी करने का आग्रह किया और कहा कि इसे केवल एक अवसर के रूप में नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी के रूप में लें। प्रो. घोष विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की कार्यकारी समिति



के अध्यक्ष प्रो. नागेश्वर राव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की और दीक्षांत भाषण दिया। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला श्रीमती मित्रा घोष भी उपस्थित थीं। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजीव कुमार ने स्वागत भाषण दिया तथा विश्वविद्यालय की अकादमिक, अनुसंधान, नवाचार, बुनियादी ढांचे और छात्र-विकास पहलों को प्रगति रिपोर्ट में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए अपने विवेकाधीन फंड से 25 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। इस फंड का एक हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के होनहार छात्रों की मदद के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इससे पहले, प्रो. असीम कुमार घोष ने चार प्रमुख संस्थागत परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें दीनदयाल उपाध्याय ज्ञान संसाधन केंद्र, इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, यूएवी एवं एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी और मीडिया स्टूडियो शामिल हैं।

निशु आजाद मामला: आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज की जमानत पर फैसला सुरक्षित, 15 सितंबर को आएगा आदेश

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान निशु आजाद के पिता के साथ हुई मारपीट के मामले में गिरफ्तार आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज की जमानत याचिका पर पटियाला हाउस कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत इस मामले में 15 सितंबर को फैसला सुनाएगी। आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। सोमवार को पटियाला हाउस कोर्ट में स्वतंत्र भारद्वाज की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने दिल्ली पुलिस से तीखे सवाल पूछे। कोर्ट ने पूछा कि क्या घटना के समय आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज ने जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल किया था? इस पर दिल्ली पुलिस ने जवाब दिया कि जब पीड़ित परिवार द्वारा पहली बार शिकायत दर्ज कराई गई थी, तब जाति सूचक शब्द के इस्तेमाल की बात नहीं कही गई थी। बाद में जब दोबारा बयान दर्ज कराया गया, तब जाति सूचक शब्द का जिक्र किया गया, जिसके आधार पर एफआईआर में एससी/एसटी एक्ट की धारा जोड़ी गई है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को 4 सितंबर को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि स्वतंत्र भारद्वाज ने



जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान निशु आजाद के पिता के साथ मारपीट की थी। इस घटना को लेकर दर्ज एफआईआर में पुलिस ने मारपीट के साथ-साथ एससी/एसटी एक्ट भी जोड़ा है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। आरोपी पक्ष के वकील ने जमानत की मांग करते हुए कहा कि उनके मुवक्किल को झूठे मामले में फंसाया गया है। पहली शिकायत में एससी/एसटी का कोई जिक्र नहीं था, बाद में इसे जोड़ा गया है। पुलिस ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि मामला संवेदनशील है और जांच अभी जारी है। पटियाला हाउस कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब इस मामले में कोर्ट का आदेश 15 सितंबर को आएगा, जिससे तय होगा कि आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को जमानत मिलेगी या उसे अभी जेल में ही रहना पड़ेगा।

हरियाणा में पुलिस के 30 प्रतिशत पद खाली, कानून-व्यवस्था पर ध्यान दे सरकार : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। प्रदेश के लगभग हर बड़े शहर में व्यापारियों, चिकित्सकों, जनप्रतिनिधियों और अन्य लोगों को गैंगस्टरों से धमकियां मिलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। अनेक लोगों को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवानी पड़ रही है। सुरक्षा मांगने वालों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं और आम नागरिक स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की आबादी और अपराधों के बदलते स्वरूप को देखते हुए पुलिस बल की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए थी, लेकिन वर्तमान में हरियाणा में स्वीकृत पदों में से भी लगभग 30 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार हरियाणा पुलिस में 25 हजार से अधिक पद रिक्त हैं। कांस्टेबल से लेकर पुलिस उपाधीक्षक स्तर तक अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। अकेले कांस्टेबल के करीब 14 हजार पद खाली होना बेहद गंभीर स्थिति है। इससे मौजूदा पुलिसकर्मियों पर काम का दबाव बढ़ रहा है और अपराधों की रोकथाम तथा जांच व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सांसद ने कहा कि सरकार ने लगभग 5600 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है और आगामी समय में अन्य भर्तियों की बात कही जा रही है, लेकिन मौजूदा संकट को देखते हुए यह गति पर्याप्त नहीं है। सरकार को वर्ष 2030 तक इंतजार करने के बजाय सभी रिक्त पदों को चरणबद्ध एवं



समयबद्ध तरीके से शीघ्र भरना चाहिए। इसके साथ ही बढ़ती आबादी, नए शहरी क्षेत्रों, साइबर अपराध, नशा तस्करी और संगठित अपराध की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल के नए पद भी स्वीकृत किए जाने चाहिए।

प्रदेश की जनता ने सरकार को सौंपी है हरियाणा की जिम्मेदारी, पंजाब की नहीं

कुमारी सैलजा ने कहा कि मुख्यमंत्री को पंजाब की राजनीति में सक्रियता दिखाने के बजाय हरियाणा की बिगड़ती कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी, नशे और जनसमस्याओं पर अधिक ध्यान देना चाहिए। प्रदेश की जनता ने सरकार को हरियाणा की जिम्मेदारी सौंपी है। इसलिए मुख्यमंत्री को सभी जिलों की कानून-व्यवस्था की नियमित समीक्षा करनी चाहिए और रिक्त पुलिस पदों को भरने की स्पष्ट समयसीमा घोषित करनी चाहिए।

नागरिकों की सुरक्षा सरकार का पहला संवैधानिक दायित्व

कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस अपराध और कानून-व्यवस्था जैसे गंभीर विषय पर राजनीति नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहती है। नागरिकों की सुरक्षा सरकार का पहला संवैधानिक दायित्व है। सरकार को विपक्ष की चेतावनियों को आलोचना मानकर टालने के बजाय जिम्मेदारी के साथ स्वीकार करते हुए प्रदेश में भयमुक्त वातावरण स्थापित करना चाहिए।

अपराधियों और नशा तस्करों के विरुद्ध चलाया जाए व्यापक अभियान

कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार का रवैया बेहद लापरवाह और अस्थायी उपायों तक सीमित दिखाई देता है। अपराध की घटना होने के बाद किसी व्यक्ति को पुलिस सुरक्षा दे देना स्थायी समाधान नहीं है। गैंगस्टर नेटवर्क, फिरौती मांगने वालों, अवैध हथियारों और नशा तस्करों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाकर उनकी आर्थिक तथा आपराधिक जड़ों पर प्रहार करना होगा। पुलिस थानों को पर्याप्त कर्मचारी, आधुनिक संसाधन और तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाना भी आवश्यक है।

हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी

जब समुदाय अपनी आंगनवाड़ी को अपना समझे

2047 के भारत का निर्माण वे बच्चे करेंगे जिन्होंने अभी स्कूल में कदम भी नहीं रखा है। एक स्वस्थ, आत्मविश्वासी और सक्षम वयस्क बनने की उनकी यह यात्रा बहुत पहले, विशेष रूप से जीवन के पहले 1,000 दिनों में ही शुरू हो जाती है। लाखों भारतीय बच्चों और उनकी माताओं के लिए इस यात्रा का सबसे बड़ा संबल उनके पड़ोस की एक जानी-पहचानी संस्था है- आंगनवाड़ी।

कक्षा में प्रवेश करने से बहुत पहले ही बच्चों का आंगनवाड़ी में वजन और कद नापा जाता है, उन्हें गर्म पौष्टिक भोजन मिलता है और वे घर के बाहर पहली बार बाल-गीत सुनते हैं। यहीं गर्भवती माता-पिता को परामर्श भी दिया जाता है। आज 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्र नागरिक और सरकार के बीच पहले संपर्क बिंदु के रूप में काम कर रहे हैं, जो 8.9 करोड़ से अधिक बच्चों, महिलाओं और किशोरियों तक अपनी पहुंच बनाए हुए हैं। यहां कार्यरत 25.2 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं उसी समाज से आती हैं जिसकी वे सेवा करती हैं। आंगनवाड़ी हमेशा से स्थानीय समुदाय का ही एक हिस्सा रही है। मार्च 2018 में जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'पोषण अभियान' की शुरुआत की, तब यह जानी-पहचानी संस्था एक राष्ट्रीय आंदोलन की आधारशिला बन गई। 9 सितंबर 2026 को 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम के साथ 9वें 'राष्ट्रीय पोषण माह' का शुभारंभ हुआ। गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने की ज़िम्मेदारी पूरी तरह सरकार की है और यह प्रतिबद्धता अडिग है, लेकिन कोई भी आंगनवाड़ी केंद्र सही मायने में तभी सशक्त बनता है जब समुदाय उसे अपना माने। एक 'विकसित भारत' का निर्माण केवल 'सबके प्रयास' से ही संभव है; पोषण को केवल एक सरकारी सेवा के रूप में नहीं देखा जा सकता।

लाभार्थी से भागीदार तक

समुदाय का स्वामित्व अक्सर केवल एक अपील बनकर रह जाता था, लेकिन इस वर्ष इसे एक संस्थागत रूप दिया गया है। आंगनवाड़ी प्रबंधन समितियां माता-पिता, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों को केंद्र से जोड़ती हैं ताकि हर पात्र बच्चे तक लाभ पहुंच सके।सोशल ऑडिट के माध्यम से समुदाय सेवाओं की समीक्षा करता है, अधिकारों की पुष्टि करता है और औपचारिक रूप से अपने निष्कर्ष दर्ज करता है। इस तरह जवाबदेही उन परिवारों की आंतरिक निगरानी में बदल जाती है जो इन सेवाओं का लाभ ले रहे हैं।

इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में माताएं हैं। 'पूरक पोषण कार्यक्रम' (SNP) का मेनू बोर्ड गर्म पके भोजन और 'टेक-होम राशन' (घर ले जाने वाले राशन) के दैनिक विवरण को प्रदर्शित करता है। जब एक मां को पता होता है कि उसके बच्चे का क्या अधिकार है, तो पारदर्शिता रोज़मर्रा की आदत बन जाती है। इस प्रकार समुदाय गुणवत्ता सुनिश्चित करने में एक जागरूक भागीदार बन जाता है।



श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

पोषण माह 2026 के दौरान इन समितियों, सोशल ऑडिट और मेनू बोर्ड को सक्रिय किया जा रहा है; साथ ही 'तिथि भोज', चखने के सत्र और व्यंजन विधियों के प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

मेनू बोर्ड से परे

पहला पहलू स्वयं भोजन है। 'सुपोषित भारत' के लिए संतुलित आहार आवश्यक है- अनाज और श्रीअन्न (मिलेट्स), दालें, मेवे और बीज, दूध और दुग्ध उत्पाद, अंडे, मौसमी फल और हरी सब्ज़ियां। जुलाई में जारी 'पूरक पोषण कार्यक्रम के लिए व्यापक दिशानिर्देश, 2026' में गर्म पके भोजन को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत सूक्ष्म पोषक तत्वों के मानकों को सुदृढ़ किया गया है। दूसरा पहलू प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा है। बच्चा क्या खाता है और क्या सीखता है, ये दोनों आपस में गहरे जुड़े हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चे के शुरुआती तीन वर्षों में 34 विकासात्मक पड़ावों पर नज़र रखती हैं। 'नवचेतना' और 'आधारशिला' पाठ्यक्रम पोषण और देखभाल को स्कूल जाने की तैयारी से जोड़ते हैं।

तीसरा पहलू बच्चे के जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। गर्भावस्था के दौरान मां का पोषण ही बच्चे के जीवन की शुरुआत तय करता है। यह पोषण माह 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' के दस वर्ष पूरे होने का भी प्रतीक है, जो प्रधानमंत्री के इस विश्वास को दर्शाता है कि किसी भी महिला को अपनी आजीविका और स्वास्थ्य के बीच किसी एक को चुनने के लिए विवश नहीं होना चाहिए। एक दशक में 4.65 करोड़ लाभार्थियों को उनके खातों में सीधे 21,511 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। 'मिशन शक्ति' के तहत इसे और मजबूत करते हुए दूसरी संतान कन्या होने पर अतिरिक्त लाभ प्रदान किया जाता है।आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 स्पष्ट करता है कि ऐसी वित्तीय सहायता तभी पूरी तरह प्रभावी होती है जब उसके साथ उचित परामर्श भी मिले, जिससे परिवार के भीतर समझदारी से निर्णय लिए जा सकें। राजस्थान के 'कैश प्लस' मॉडल की समीक्षा—जिसमें इस वित्तीय सहायता को निरंतर व्यवहार परिवर्तन संचार से जोड़ा गया था—दर्शाती है कि इस लाभ को भोजन पर खर्च करने वाली महिलाओं का अनुपात 30 प्रतिशत से बढ़कर 89 प्रतिशत हो गया। साथ ही, जब पतियों और परिवारों को इस संवाद में शामिल किया गया तो मातृ पोषण से जुड़े भ्रम और भ्रांतियां भी दूर हुईं। यह साझेदारी आंगनवाड़ियों के इर्द-गिर्द इसलिए पनपती है क्योंकि मां का पोषण कभी भी केवल उसकी अकेले की ज़िम्मेदारी नहीं रहा है।

केंद्र में मौजूद नारी शक्ति का सम्मान

इस पूरे तंत्र के केंद्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता खड़ी हैं। सामुदायिक स्वामित्व का अर्थ यह कतई नहीं है कि पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल का सारा भार उन्हीं पर डाल दिया जाए। इसका वास्तविक अर्थ उनका सम्मान करना, उनका सहयोग करना और उन्हें सशक्त बनाना है। उनका अनुभव और उन पर बना विश्वास अमूल्य है।

इस सितंबर, मैं प्रत्येक नागरिक से आग्रह करती हूं कि वे अपने क्षेत्र के कम से कम एक आंगनवाड़ी केंद्र का दौरा अवश्य करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से बात करें, मेनू बोर्ड देखें और पूछें कि आप किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं। पिताओं, दादा-दादी/नाना-नानी, पंचायतों और स्वयं सहायता समूहों—सभी की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस सितंबर हमारी आंगनवाड़ियों में जिन बच्चों का वजन नापा जा रहा है, वे उस समय अपने जीवन के तीसरे दशक (20s) में होंगे जब भारत अपनी आज़ादी के सौ वर्ष पूरे करेगा। उस वर्ष वे जिस स्वास्थ्य और आत्मविश्वास के साथ खड़े होंगे, उसे आज गढ़ा जा रहा है। जब प्रत्येक समुदाय अपनी आंगनवाड़ी की ज़िम्मेदारी लेगा, तभी भारत अपने हर बच्चे के भविष्य की ज़िम्मेदारी सुनिश्चित कर सकेगा।

(लेखककेंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकारहैं।)

page 3_Layout 1 14-09-2026 16:46 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ मंगलवार, 15 सितंबर 2026

संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसान यूनियनों ने पीएसपीसीएल के एस.ई कार्यालय के समक्ष दिया धरना

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में फिरोजपुर जिले की किसान यूनियनों, जिनमें क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब, बी.के.यू पंजाब, बी.के.यू सिधुपुर, बी.के.यू राजेवाल, बी.के.यू कादियां, क्रांतिकारी किसान यूनियन बुट्टर, कुलहिंद किसान सभा, बी.के.यू डकोंदा धनेर आदि ने किसानों की बिजली से संबंधित मांगों और समस्याओं को लेकर पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के एस.ई. कार्यालय के समक्ष रोष धरना दिया।

इस अवसर पर किसान नेताओं ने कहा कि किसानों को खेती के लिए बिना रुकावट बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना सरकार और बिजली विभाग की जिम्मेदारी है। लेकिन पूरे पंजाब में



किसान यूनियन नेता पीएसपीसीएल के एस.ई कार्यालय के बाहर रोष प्रदर्शन करते हुए।

बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से ठप है, जिससे पकाने को तैयार धान की फसल के लिए गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। किसानों ने कहा कि अब फसल को अधिक पानी की जरूरत है और किसान महंगे डीजल का उपयोग नहीं कर सकते। इस कारण बड़ी समस्याओं के चलते किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेताओं ने मांग की कि कृषि फीडरों की बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाया जाए, खराब ट्रांसफार्मरों और बिजली की तारों को तुरंत ठीक किया जाए और किसानों की लंबे समय से लटकती बिजली संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए। धरने के दौरान किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा संघर्ष को ओर तेज किया जाएगा। इस अवसर पर गुरमीत सिंह महिमा, हरदीप सिंह कर्मूवाला, गुरमेल सिंह, गुरमीत सिंह घोड़ेचक, मनमोहन सिंह कौड़ा, गुरमीत सिंह पोजोके, गुरदित्त सिंह सिधु, गुलजार सिंह कबरवच्छा आदि नेताओं ने संबोधित किया।

मनरेगा की गई खत्म, 'जी-राम-जी' नहीं हो सकी शुरू: जगमोहन सिंह कंग

सहौड़ा में करवाए विकास कार्यों पर मुझे है गर्व

डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़िया- कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री स. जगमोहन सिंह कंग ने अपने विधानसभा क्षेत्र खरड़ के दौरे के दौरान गांव सहौड़ा में ग्राम पंचायत एवं गणमान्य लोगों के साथ एक विशेष बैठक की। बैठक में पंचायत एवं उपस्थित लोगों ने स. कंग को गांव की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव के विकास कार्य, विशेष रूप से गांव के टोबे की उचित निर्माण एवं सफाई का कार्य लंबे समय से लंबित है। इसके अलावा टोबे पर अवैध कब्जे किए जाने की समस्या भी सामने आ रही है। स. जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने कांग्रेस द्वारा शुरू की गई जनहितैषी मनरेगा योजना को



बंद कर दिया है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों, विशेषकर गरीब मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत गांवों में करवाए जाने वाले अनेक विकास कार्य भी इससे प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरी ओर नई शुरू की गई 'जी-राम-जी' योजना को लागू करने में पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार असमर्थ साबित हो रही है। उनके अनुसार इस योजना के तहत पंजाब सरकार को 40 प्रतिशत हिस्सा देना आवश्यक है, लेकिन फंड की कमी के कारण योजना को गांवों में प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा रहा। इसके चलते पंचायतों एवं गांवों को इस योजना का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। कंग ने कहा कि गांवों में होने वाले छोटे-बड़े जरूरी विकास कार्य ठप पड़े हैं। पंचायत ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार की ओर से अब तक गांवों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं करवाई जा रही, जिससे गांववासी बेहद हैरान, परेशान, दुखी और बेबस हैं। पूर्व मंत्री कंग ने बैठक के दौरान स्वर्गीय मास्टर कृपाल सिंह, पूर्व सरपंच एवं समिति सदस्य को याद करते हुए कहा कि अपने पिछले कार्यकाल के दौरान उन्होंने गांव सहौड़ा की मांग और जरूरत के अनुसार पीने वाले पानी की टंकी, गांव की फिरनी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्य करवाए थे, जिस पर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा कि आज केवल गांव सहौड़ा की ही बात नहीं है, बल्कि आम आदमी पार्टी सरकार ने पूरे पंजाब और विशेष रूप से खरड़ विधानसभा क्षेत्र की स्थिति खराब कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि लिंक सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है, अवैध माइनिंग की भरमार है तथा गांवों और

श्री गुरु रविदास जी को समर्पित डॉक्यूमेंट्री फिल्म की गांवों में स्क्रीनिंग जारी



डेली आवाज भारती

बरनाला/भदौड़। पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित उनके जीवन, दर्शन एवं महान शिक्षाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र भदौड़ के गांवों में विधायक लाभ सिंह उगोके के नेतृत्व में श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, विचारधारा एवं उपदेशों पर आधारित 30 मिनट की प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जा रही है। इस कड़ी के तहत बीते दिनों ताजोके, पत्ती मोहर सिंह, पत्ती वीर सिंह, पत्ती दीप सिंह, जंगियाणा, तलवंडी, मझूके, दीपगढ़, छन्ना गुलाब सिंह, नैनैवाल, संधू कलां सहित विभिन्न गांवों में लोगों को यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी महाराज द्वारा दिए गए समानता, मानवता, सामाजिक न्याय, भाईचारे, सेवा और मेहनत की कमाई के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

जयंती माजरी पुल के निर्माण के लिए रणजीत सिंह गिल ने भेंट किए 2 लाख रुपये

डेली आवाज भारती



मुल्लांपुर गरीबदास, (संदीप अकालगढ़िया) – विधानसभा क्षेत्र खरड़ के गांव जयंती माजरी में पुल के निर्माण के लिए भाजपा नेता रणजीत सिंह गिल द्वारा 2 लाख रुपये की राशि भेंट की गई। गिल साहिब द्वारा भेंट की गई यह राशि उनके करीबी रणधीर सिंह धीरा ने उनकी ओर से दलविंदर सिंह बैनीपाल और चौधरी शाम लाल माजरिया को सौंपी। जयंती माजरी पुल का निर्माण क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण मांग है। बरसात के दिनों में जब नदी में पानी आ जाता था, तो पुल वाली जगह से गुजरना बेहद मुश्किल हो जाता था। पानी का स्तर बढ़ने के कारण एक तरफ रहने वाले लोग दूसरी तरफ जाने में असमर्थ हो जाते थे और कई बार घंटों तक अपने ही क्षेत्र में फंसे रहते थे। इस समस्या का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर पड़ता था। नदी में पानी आने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते थे और उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती थी। क्षेत्रवासियों के अनुसार, नदी में पानी आने के बाद उसे उतरने में पांच से सात घंटे तक का समय लग जाता था।

इस दौरान लोगों को रोजमर्रा के कामों के साथ-साथ जरूरी कार्यों के लिए भी आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए दलविंदर सिंह बैनीपाल और चौधरी शाम लाल माजरिया द्वारा जयंती माजरी पुल के निर्माण के लिए किए जा रहे प्रयासों की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह प्रयास उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस मौके पर रणधीर सिंह धीरा ने कहा कि रणजीत सिंह गिल द्वारा लोगों की इस जरूरी मांग को गंभीरता से लेते हुए 2 लाख रुपये की राशि भेंट की गई है। यह राशि उनकी ओर से दलविंदर सिंह बैनीपाल और चौधरी शाम लाल माजरिया को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण से बरसात के मौसम में पानी के कारण पैदा होने वाली समस्याओं से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। दलविंदर सिंह बैनीपाल और चौधरी शाम लाल माजरिया ने रणजीत सिंह गिल का धन्यवाद करते हुए कहा कि जयंती माजरी पुल का निर्माण क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पुल बनने से स्कूली बच्चों, किसानों, कामकाज के लिए आने-जाने वाले लोगों और आम क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने कहा कि जयंती माजरी पुल का निर्माण केवल एक विकास कार्य नहीं, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी एक बड़ी समस्या का समाधान है। पुल बनने से बरसात के दिनों में घंटों तक आवागमन बाधित होने की समस्या दूर होगी और स्कूली बच्चों को भी आने-जाने में सुविधा मिलेगी। इस मौके पर रणधीर सिंह धीरा, दलविंदर सिंह बैनीपाल, चौधरी शाम लाल माजरिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से जयंती माजरी पुल के निर्माण का कार्य जल्द पूरा होगा।

स्व.दर्शन सिंह व लक्ष्मण सिंह भोलेवालीया की याद में लेपों में करवाया गया क्रिकेट टूर्नामैंट



क्रिकेट टूर्नामैंट के प्रबंधकों को सहायता राशि का चेक भेंट करते हुए।

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): क्षेत्र के नजदीकी गांव लेपों में बीते दिन स्व.दर्शन सिंह व स्व.लक्ष्मण सिंह भोलेवालीया की याद को समर्पित पहला कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया गया। इस मौके पर विशेष तौर पर पूर्व विधायक रमिन्द्र सिंह आवला ने हिस्सा लिया और खिलाडि ों की हौंसला अफजाई की। इस दौरान पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला ने टूर्नामेंट कमेटी को 21 हजार रुपए की सहायता राशि भेंट की और कहा कि खेल नौजवानों को सेहतमंद रखती है और उनमें अनुशासन, मेहनत और टीम वर्क की भावना को पैदा करती है। इस मौके पर प्रबंधकों की तरफ से पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला को विशेष तौर पर सम्मान चिंह देकर सम्मानित किया गया।

6.80 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 6.80 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय

■ गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

के एस.आई ईशर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अदार पर कोहर सिंह वाला चौंक से कब्रिस्तान को जाती लिंक रोड के किनारे पर हेरोइन का सेवन कर रहे मलकीत सिंह पुत्र बलवीर सिंह वासी कुटी मौड़ गुरुहरसहाय, रमनदीप संह पुत्र जस्सा सिंह वासी माड़े कलां, शतरुगन पुत्र पृथ्वीपाल वासी नजदीक पोथीमाला गुरुहरसहाय को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन, 1 लाईटर, सिल्वर पन्नी व 10 रुपए का नोट बरामद किया है। जबकि दूसरे मामलें में थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी तारा सिंह वाला के नजदीक से शक के अधार पर दिलबर पुत्र सतनाम सिंह वासी गांव महिलमा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.80 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों की जांच कर रहे महिन्द्र सिंह व ईशर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषियों पर मामलें दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 9 ग्राम हैरोइन के साथ 3 को किया काबू

■ गिरफ्तार व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी, सदर एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 9 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सदर जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव कस्सोआना के नजदीक से शक के अधार पर करन सिंह पुत्र कुलविन्द्र सिंह वासी गांव कस्सोआना को गिरफअतार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन और थाना सिटी जीरा के ए.एस.आई निर्मलसंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी जीरा के नजदीक से शक के अधार पर राज सिंह उर्फ राजा पुत्र जसवीर सिंह वासी घौड़ मुहल्ला जीरा को को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि एक अन्य मामलें में थाना मक्खू के एएसआई सुखदेव सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर साहिल पुत्र राजिन्द्र वासी वार्ड नंबर 11 ईसा नगरी मक्खू को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

जिला पुलिस ने 17.91 ग्राम हेरोइन के साथ 5 को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत पुलिस ने दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 17.91 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना मल्लांवाला, थाना सिटी एवं थाना छावनी फिरोजपुर, थाना आरफके और थाना कुलगड़ी में मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजपुर की एसआई खुशविन्द्र कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर गुलशन पुत्र कुलवंत वासी नजदीक गुरु राम दास अस्पताल बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन, थाना छावनी फिरोजपुर के एएसआई भूपिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर विक्रम पुत्र देस राज वासी अहाता नंबर 134 क्लब व्यू होटल आर्मी ऐरिया फिरोजपुर छावनी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हेरोइन, थाा आरफके के एएसआई जगतार सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर मनोज कुमार पुत्र रमेश कुमार वासी भंडारी करियाना स्टोर फेस-2 बेदी कालोनी फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.91 ग्राम हेरोइन, थाना कुलगड़ी के एएसआई जसविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान जगमीत सिंह उर्फ टीना पुत्र भूपिन्द्र सिंह वासी गांव तूत को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन और थाना मल्लांवाला के एच.सी अमरजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान बस अड्डा बस्ती चंदे वाली के नजदीक से रणवीर उर्फ रिंकू पुत्र कारज वासी हामद वाला उताड़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषियों पर मामलें दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

सांसद मालविंदर सिंह कंग ने कुराली के विकास का दिया भरोसा

बहादुर सिंह ओके की अगुवाई वाली नई नगर कौंसिल टीम को दी बधाई, शहर के विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने पर दिया जोर

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) – लोकसभा सदस्य मालविंदर सिंह कंग नगर कौंसिल कुराली पहुंचे, जहां नगर कौंसिल के प्रधान बहादुर सिंह ओके ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर नगर कौंसिल की नई टीम सहित सभी पार्षद भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान कुराली शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, लंबित कार्यों तथा शहर के भविष्य के विकास को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। नगर कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने शहर की आवश्यकताओं और विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में सांसद मालविंदर सिंह कंग को जानकारी दी। इस अवसर पर सांसद मालविंदर सिंह कंग ने



बहादुर सिंह ओके की अगुवाई में बनी नगर कौंसिल की नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि यह टीम कुराली के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि कुराली तेजी से विकसित हो रहा शहर है और इसके बुनियादी ढांचे को योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने की बेहद जरूरत है। कंग ने कहा कि बहादुर सिंह ओके की अगुवाई में नगर कौंसिल की टीम यदि लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता देकर कार्य करती है तो आने वाले समय में कुराली को एक खूबसूरत, साफ-सुथरे और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि कुराली को भविष्य की जरूरतों के अनुसार विकसित करना समय की मुख्य आवश्यकता है। लोकसभा सदस्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कुराली के लोगों ने उन्हें और पार्टी को भरपूर समर्थन एवं विश्वास दिया था। इसलिए कुराली के विकास में अपना योगदान देना उनकी जिम्मेदारी भी बनती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर कौंसिल द्वारा जो भी जरूरी मुद्दे उनके ध्यान में लाए जाएंगे, उन्हें हल करवाने के लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगे तथा जहां पंजाब सरकार के सहयोग की आवश्यकता होगी, वहां भी संबंधित स्तर पर मामला उठाया जाएगा। मालविंदर सिंह कंग ने कहा कि कुराली शहर के विकास के लिए वह हमेशा नगर कौंसिल के साथ खड़े हैं और जहां भी उनकी आवश्यकता होगी, वह अपना पूरा सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि नगर कौंसिल और सरकार के बीच बेहतर तालमेल के साथ शहर के विकास कार्यों को और गति दी जा सकती है। इस अवसर पर नगर कौंसिल कुराली के प्रधान बहादुर सिंह ओके सहित सभी पार्षद एवं नगर कौंसिल टीम के सदस्य मौजूद रहे।

दानवी सज्जनों के सहयोग से जरूरतमंद परिवार के बुजुर्ग का घुटने का मुफ्त ऑपरेशन

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): सब का भला मल्टी स्पेशलिस्ट चैरिटेबल अस्पताल में दानवी सज्जनों के सहयोग से जरूरतमंद परिवार के बुजुर्ग का घुटने का मुफ्त ऑपरेशन किया गया। इस संबंधी जानकारी देते हुए अस्पताल के संचालक जतिंदर सिंह लाडी ने बताया कि जरूरतमंद परिवार से संबंधित बुजुर्ग के घुटने की समस्या को देखते हुए उनका ऑपरेशन बिना किसी खर्च के किया गया। इस सेवा कार्य में दानवी सज्जनों द्वारा विशेष सहयोग दिया गया। जतिंदर सिंह लाडी ने कहा कि सब का भला मल्टी स्पेशलिस्ट चैरिटेबल अस्पताल का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना और मानवता की सेवा करना है। दानवी सज्जनों के सहयोग से ऐसे सेवा कार्य आगे भी जारी रखे जाएंगे। ऑपरेशन के बाद बुजुर्ग और उनके परिवार द्वारा अस्पताल प्रबंधकों, डॉक्टरों तथा दानवी सज्जनों का धन्यवाद किया गया। परिवार ने कहा कि इस सहयोग से उन्हें बड़ी राहत मिली है। जरूरतमंद मरीजों की सहायता या अस्पताल संबंधी जानकारी के



लिए हेल्पलाइन नंबर 8437303859 पर संपर्क किया जा सकता है। जतिंदर सिंह लाडी ने दानवी सज्जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानवता की सेवा के लिए हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देना चाहिए।

page 4_Layout 1 14-09-2026 17:05 Page 1

फिरोजपुर मंडल में पहली बार इंटर-डिपार्टमेंटल वॉलीबाल टूर्नामेंट आयोजित



फिरोजुपर मंडल में आयोजित इंटर-डिपार्टमेंटल वॉलीबाल टूर्नामैंट में खेल का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी और खिलाड़ियों के साथ अधिकारी टूर्नामेंट संबंधी विचार व्यक्त करते हुए।

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल में पहली बार विभिन्न विभागों के बीच इंटर-डिपार्टमेंटल वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 4 अक्तूबर, 2026 तक चलेगा, जिसमें मंडल के विभिन्न विभागों की कुल 09 टीमें भाग ले रही हैं। प्रत्येक टीम में अधिकारियों के साथ-साथ अधीनस्थ कर्मचारियों की भी सहभागिता होगी। इस टूर्नामेंट से ना केवल उनमें फिटनेस को लेकर जागरूकता बढ़ेगी बल्कि उनके बीच आपसी सामंजस्य के साथ-साथ टीम भावना के साथ कार्य करने को भी बढ़ावा मिलेगा। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन बीती 12 सितंबर 2026 को रेलवे ऑफिसर क्लब फिरोजपुर में मुख्यातिथि मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन मैच इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल विभाग की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें मैकेनिकल विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 09 टीमों को दो पूलों में विभाजित किया गया है। टूर्नामेंट के सभी मैच शनिवार एवं रविवार को खेले जाएंगे तथा इसका फाइनल मुकाबला 04 अक्तूबर, 2026 को आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी राहुल देव की देखरेख में किया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल रेल पदाधिकारियों एवं सेवादारों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा जी के दरबार में हाज़िरी लगाने पहुंचे एम.पी. जस्सड़ को बड़े प्रेम एवं सत्कार के साथ सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया। एम.पी. जस्सड़ ने इस सम्मान के लिए सोसाइटी के सभी पदाधिकारियों, सेवादारों, आयोजकों एवं समस्त संगत का दिल से आभार व्यक्त किया। एम.पी. जस्सड़ ने कहा कि पंजाब का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी से जुड़ा हुआ है। युवाओं को नशे और अपराध से बचाने के लिए परिवार, समाज, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं तथा सरकार-सभी को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार, खेल और सकारात्मक गतिविधियों के साथ बेहतर भविष्य के अवसर भी सुनिश्चित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि गैंगस्टरवाद, जबरन वसूली, धमकियों और संगठित अपराध से मुक्त एक सुरक्षित पंजाब हर नागरिक की आवश्यकता है। कानून का सम्मान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भयमुक्त वातावरण मिलना चाहिए और युवाओं को अपराध की दुनिया से दूर रखकर उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करनी चाहिए। एम.पी. जस्सड़ ने श्री नगर खेड़ा के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में स्थानीय संगत एवं सेवादारों द्वारा की जा रही सेवा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को आपसी भाईचारे, सेवा, सहयोग और सद्भावना से जोड़ते हैं। उन्होंने बाबा जी के चरणों में खरड़ सहित पूरे पंजाब की खुशहाली, अमन-शांति, भाईचारे एवं तरक्की के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर श्री वरुण देव मंदिर एवं श्री नगर खेड़ा ख्वाजा जी का छमाही भंडारा एवं विशाल चौकी श्रद्धा एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में संगत एवं सेवादारों ने पहुंचकर सेवा निभाई तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे से भंडारा शुरू हुआ, जबकि रात 9 बजे गुग्गा जाहर पीर जी की चौकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था एवं सेवा में चेयरमैन मनीष टोंक, प्रधान लक्की शर्मा, मुख्य सेवादार सुनील कुमार, राजीव चौहान (भोला), जगजीत सिंह काली, प्रदीप, टोनी, ओम, विनोद, कुलवीर, दलवीर सिंह डली, रोहित, राय, रवि, विवेक विक्की तथा बिंदर जागीरदार सहित अन्य सेवादारों एवं श्रद्धालुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों और संगत ने कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी हाज़िरी लगाई तथा सेवा में योगदान दिया।

हारमनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल फिरोजपुर में तीन दिवसीय विशेष मेडिकल कैंप सफलतापूर्वक संपन्न

कैंप में स्वामी अनादेश्वरानंद गिरि जी ने छात्रों के साथ आयुर्वेद के विभिन्न सिद्धांतों पर की विचार-चर्चा

- धर्मपाल बांसल ने अन्य प्रबंधकों के साथ मिलकर स्वामी अनादेश्वरानंद गिरि जी को किया सम्मानित





हारमनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल फिरोजपुर में आयोजित कैंप का उद्घाटन करते हुए स्वामी जी और गणमांय एवं प्रबंधक स्वामी जी को सम्मानित करते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): हारमनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल फिरोजपुर में स्वामी अनादेश्वरानंद गिरि जी जूना अखाड़ा दिल्ली की ओर से तीन दिवसीय विशेष मेडिकल कैंप सफलतापूर्वक लगाया गया। मालूम हो कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य रोग मुक्त, दवा मुक्त, निरोग जीवन और स्वस्थ शरीर के प्रति जागरूक करना था। कैंप के दौरान आयुर्वेदिक तरीकों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वामी अनादेश्वरानंद गिरि जी द्वारा हारमनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के बी.ए.एम.एस के छात्रों के साथ विशेष सेमिनार लगाया गया। उन्होंने छात्रों के साथ आयुर्वेद के विभिन्न सिद्धांतों पर विचार-विमर्श किया और स्वस्थ जीवन जीने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत केवल बीमारी का इलाज करना ही नहीं, बल्कि बीमारी आने से पहले ही शरीर को तंदुरुस्त रखना और रोगों से बचाव करना है। स्वामी अनादेश्वरानंद गिरि जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए केवल बीमारी का इलाज करना ही काफी नहीं है, बल्कि लोगों में रोगों से बचाव संबंधी जागरूकता पैदा करना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने आयुर्वेद की प्राचीन परंपराओं और आधुनिक समय में इसके महत्व पर भी प्रकाश डाला। कैंप के दौरान मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार आवश्यक सलाह और आयुर्वेदिक इलाज संबंधी जानकारी दी गई। लोगों को अपनी दैनिक जीवन शैली में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और प्राकृतिक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस सेमिनार में दोनों संस्थानों के छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया। स्वामी जी ने छात्रों को स्वस्थ जीवन शैली, रोगों से बचाव और निरोग रहने के लिए प्राकृतिक और आयुर्वेदिक सिद्धांतों के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर धर्मपाल बंसल ने स्वामी अनादेश्वरानंद गिरि जी का विशेष रूप से धन्यवाद किया कि उन्होंने अपना कीमती समय निकालकर संस्था में पहुंचकर छात्रों और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंप और सेमिनार समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए बहुत लाभदायक हैं। इस कैंप को महंत राजेश गिरि जी (संगठन मंत्री), संत समाज ट्रस्ट, जम्मू-कश्मीर के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

इसके अलावा बलदेव सिंह, प्रवेश सिडाना, मोहिंदर बजाज, सूरज मेहता, पी.बी शर्मा और समूह सदस्य, अशोक गर्ग, कैलाश शर्मा, मुकेश गोयल, बलराज बांसल, अशोक शर्मा, बलदेव गिरि जी (महंत, बाबा बालक नाथ मंदिर), अमरीक सिंह (डी.पी.आर.ओ.), डा.प्रदीप, अशोक गोयल, पवन कालिया सहित कई व्यक्तियों ने भी कैंप का लाभ प्राप्त किया। जिक्रयोग है कि तीन दिन चले इस कैंप को लोगों की ओर से भरपूर प्रतिक्रिया मिली और आयोजकों द्वारा इसे सफल बनाने के लिए सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों का धन्यवाद किया गया। कैंप ने यह संदेश दिया कि इलाज से बेहतर बचाव है और हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इस प्रकार यह तीन दिवसीय कैंप स्वास्थ्य जागरूकता, आयुर्वेदिक ज्ञान और समाज सेवा का एक सराहनीय प्रयास साबित हुआ। जिक्रयोग है कि इस दौरान प्रिंसिपल डा.एम.पी सिंह द्वारा आए हुए सभी मेहमानों और मरीजों का स्वागत किया गया। अंत में धर्मपाल बंसल द्वारा स्वामी जी का सेमिनार शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग फिरोजपुर में भी आयोजित किया गया और उनकी तरफ से विशेष तौर पर स्वामी जी को सम्मानित भी किया गया।

श्री नगर खेड़ा के छमाही भंडारे व चौकी में एम.पी. जस्सड़ ने टेका माथा

पंजाब की अमन-शांति, खुशहाली और नशा-मुक्त युवा पीढ़ी के लिए की अरदास, श्री वरुण देव नगर खेड़ा वेलफेयर सोसाइटी ने सिरोपा देकर किया सम्मान

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया) श्री नगर खेड़ा, खरड़ स्थित श्री वरुण देव मंदिर एवं श्री नगर खेड़ा ख्वाजा जी के छमाही भंडारे एवं विशाल चौकी समारोह के अवसर पर समाजसेवी एम.पी. जस्सड़, पंजाब स्टेट चेयरमैन (युवा नीति अनुसंधान विभाग) एवं जनरल सेक्रेटरी, पंजाब यूथ एंड स्पोर्ट्स क्लब्स सेल (P.P.C.C.), ने बाबा जी के दरबार में नतमस्तक होकर हाज़िरी लगाई और खरड़ सहित पूरे पंजाब की खुशहाली, अमन-शांति, तरक्की एवं समृद्धि के लिए दुआ-अरदास की।

इस अवसर पर एम.पी. जस्सड़ ने विशेष रूप से पंजाब के युवाओं को नशे की बुराई से बचाने, युवा पीढ़ी के उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य तथा गैंगस्टरवाद और संगठित अपराध से मुक्त, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित पंजाब की कामना की। उन्होंने अरदास की कि पंजाब का प्रत्येक परिवार सुख, शांति और खुशहाली से जीवन व्यतीत करे तथा प्रदेश की युवा पीढ़ी शिक्षा, खेल, रोजगार और सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से आगे बढ़े। समारोह के दौरान श्री वरुण देव नगर खेड़ा वेलफेयर सोसाइटी के समस्त

डेरा बाबा गुसाइयां, कुराली में वार्षिक मेले पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एक मंच पर दिखे

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) – डेरा बाबा गुसाइयां, कुराली में वार्षिक मेला श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। मेले में कुराली सहित आसपास के क्षेत्रों और दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने डेरा बाबा गुसाइयां में माथा टेककर महंत श्री धनराज गिरि जी महाराज के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा सर्वजन के भले और परिवारों की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था और दिन चढ़ने के साथ मेला स्थल श्रद्धालुओं से भर गया। महंत श्री धनराज गिरि जी महाराज के आशीर्वाद से आयोजित होने वाला यह वार्षिक मेला क्षेत्र में लंबे समय से धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मेले में श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ कुश्ती दंगल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों सहित विभिन्न व्यवस्थाएं की गई थीं। मेले की विशेष बात यह रही कि विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेता और प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में यहां पहुंचे और एक ही मंच पर एकत्र दिखाई दिए। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सभी नेताओं ने सबसे पहले डेरा बाबा गुसाइयां पहुंचकर महंत श्री धनराज गिरि जी महाराज के चरणों में नमन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत सिंह गिल, शिरोमणि अकाली दल के हलका इंचार्ज रविंदर सिंह खेड़ा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुरप्रताप सिंह पडियाला, नगर कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके, कांग्रेसी नेता रणजीत सिंह जीती, पार्षद रमाकांत कालिया, भाजपा नेता राणा भानू प्रताप, समाजसेवी दविंदर सिंह बाजवा, जय सिंह चकला, पार्षद अश्वनी शर्मा, पार्षद राजेश रठौर, पार्षद दविंदर ठाकुर, पार्षद आशु राणा, पार्षद दिनेश गौतम, पार्षद हैप्पी धीमान, समाजसेवी नवदीप सैनी, समाजसेवी हरजिंदर सिंह नोनी, पार्षद भूषण वर्मा, पार्षद प्रदीप रूड़ा, समाजसेवी दीपू, आम आदमी पार्टी के हलका इंचार्ज खरड़ परमिंदर सिंह गोल्डी तथा आप नेता गुरशरण सिंह बिंदरखिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके बाद सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों ने मेले के बाहर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शिरकत की। एक ही मंच पर विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े नेताओं की मौजूदगी ने आपसी भाईचारे, एकता और पंजाब की साझा सांस्कृतिक विरासत का संदेश दिया।

कम्यूनिटी स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा एसएमओ को रोष प्रदर्शन कर सौंपा गया मांगपत्र

16 सितंबर को जिला स्तरीय रोष प्रदर्शन और 18 सितंबर को दिड़बा में रोष धरने का ऐलान

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): सीएचओ द्वारा आज अपनी लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान संबंधी सीनियर मेडिकल अफसर (एसएमओ) को रोष प्रदर्शन करने के पश्चात मांगपत्र सौंपा गया। इस मौके पर सीएचओ नेताओं ने विभाग और पंजाब सरकार द्वारा मांगों के समाधान के लिए दिए जा रहे लगातार आश्वासनों के बावजूद कोई ठोस और लिखित समाधान ना होने पर भारी रोष व्यक्त किया। इसमौके पर कम्युनिटी हेल्थ अफसर नरेंद्र सिंह और डा.प्रीत माखीजा ने कहा कि सीएचओ की मांगों संबंधी सरकार और विभाग के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं, हर बार मांगों के समाधान का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन अभी तक किसी एक भी मुख्य मांग का पक्का समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बार-बार समय बिताने के कारण पंजाब भर के सीएचओ में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएचओ की मुख्य मांगों में सीएचओ का कैडर स्वीकृत करके रेगुलर ग्रेड पे देकर रेगुलर किया जाए, वेतन में 5000/- प्रति माह वृद्धि की जाए और बनता बकाया दिया जाए, लॉयल्टी बोनस/एक्सपीरियंस बोनस पुनः बहाल किया जाए, इंसेंटिव को वेतन में मर्ज किया जाए, इंसेंटिव प्रफार्मा को सीएचओ प्रतिनिधियों के साथ हुई सहमति के अनुसार संशोधित किया जाए। नेताओं ने बताया कि मांगों के समाधान के लिए संघर्ष को ओर तेज करते हुए 16/09/2026 को पंजाब के सभी जिलों में सिविल सर्जन कार्यालयों में रोष प्रदर्शन किया जाएगा और मांग पत्र सौंपा जाएगा। इसके बाद 18/09/2026 को दिड़बा में रोष धरना और रैली की जाएगी, जिसमें पंजाब भर से सीएचओ बड़ी संख्या में शामिल होंगे। सीएचओ एसोसिएशन पंजाब ने स्पष्ट किया कि सीएचओ अपनी जायज मांगों के समाधान के लिए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष कर रहे हैं, यदि सरकार और विभाग द्वारा अब भी मांगों का कोई ठोस और लिखित समाधान नहीं किया जाता तो आने वाले समय में संघर्ष को ओर तेज करने के लिए उन्हें मजबूर होना पड़ेगा। सीएचओ एसोसिएशन पंजाब ने पंजाब सरकार से मांग की है कि सीएचओ की लंबित मांगों पर तुरंत विचार करके उनका ठोस और समयबद्ध समाधान किया जाए।

खेलां वतन पंजाब की-2026 : ब्लॉक बरनाला के मुकाबलों का शानदार आगाज

जिला योजना बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह भंगू ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

- विभिन्न खेल मुकाबलों में खिलाड़ियों की बड़ी भागीदारी

डेली आवाज भारती



बरनाला। पंजाब सरकार द्वारा करवाए जा रहे 'खेलां वतन पंजाब दियां-2026 सीजन-4' के तहत ब्लॉक बरनाला के खेल मुकाबलों का आज शानदार आगाज हुआ। इस अवसर पर जिला योजना बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह भंगू ने बाबा काला मेहर स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की। उन्होंने कहा कि 'खेलां वतन पंजाब दियां' पंजाब सरकार का एक सराहनीय प्रयास है। इसके माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी काबिलियत दिखाने और आगे बढ़ने के लिए मंच प्रदान किया जा रहा है। ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों के दौरान एथलेटिक्स, कबड्डी नेशनल एवं सर्कल स्टाइल तथा खो-खो के मुकाबले बाबा काला मेहर स्टेडियम में करवाए जा रहे हैं। वॉलीबॉल शूटिंग एवं स्मैशिंग के मुकाबले सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रूड़ेके कलां में, जबकि फुटबॉल के मुकाबले खेल स्टेडियम गांव कोटदुन्ना में करवाए जा रहे हैं। इन मुकाबलों में बड़ी संख्या में खिलाड़ी उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर चेयरमैन परमिंदर सिंह भंगू ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर विजेता रहने वाली टीमें अगले चरण में जिला स्तरीय मुकाबलों में भाग लेंगी। जिला स्तर पर विजेता रहने वाली टीमों को राज्य स्तरीय मुकाबलों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

राज्य स्तर पर विजेता रहने वाली टीमों/खिलाड़ियों को सरकार द्वारा पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुकाबलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 10,000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 7,000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 5,000 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी रुपेश कुमार बेगड़ा ने विभिन्न मुकाबलों का जायजा लिया और खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की।

वॉलीबॉल मुकाबले: विधायक लाभ सिंह उगोके ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

डेली आवाज भारती



तपा/रूड़ेके कलां। 'खेलां वतन पंजाब दियां सीजन-4' के तहत ब्लॉक बरनाला के मुकाबलों के पहले दिन आज वॉलीबॉल के मुकाबले सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रूड़ेके कलां में करवाए गए। इस अवसर पर विधायक लाभ सिंह उगोके ने विशेष रूप से शिरकत कर खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'खेलां वतन पंजाब दियां' जैसे खेल आयोजन गांवों और शहरों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बड़ा मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे जीत-हार की चिंता किए बिना पूरे जोश, ईमानदारी और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लें तथा पंजाब का नाम रोशन करें। मुकाबलों के परिणामों के अनुसार अंडर-14 लड़कों की श्रेणी में रूड़ेके कलां ने पहला, धूरकोट ने दूसरा और भैणी जड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 लड़कों की श्रेणी में बडबर ने पहला, वाई.एस. बरनाला ने दूसरा, सरकारी हाई स्कूल धूरकोट ने तीसरा और कुब्बे की टीम ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अंडर-21 लड़कों की श्रेणी में रूड़ेके कलां ने पहला, ठीकरीवाल ने दूसरा, बाबा काला मेहर स्टेडियम बरनाला की टीम ने तीसरा तथा पखो कलां की टीम ने चौथा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा मार्केट कमेटी तपा के चेयरमैन तरसेम सिंह कहनेके, एडवोकेट गुरप्रीत सिंह चेरी, परगट सिंह धूरकोट, वॉलीबॉल से जुड़े अजय नागर तथा कोच मनप्रीत सिंह लक्की सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

सरकार के झूठे वादों से तंग कंप्यूटर शिक्षक 20 को संगरूर में राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन कर करेंगे पक्के मोर्चे की शुरुआत

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): कंप्यूटर टीचर्स यूनियन पंजाब ने सरकार के झूठे वादों और लगातार हो रही अनदेखी के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। मालूम हो कि सोमवार को कंप्यूटर टीचर्स यूनियन पंजाब के प्रदेश नेता हरजीत सिंह संधू और जिला प्रधान फिरोजपुर दविन्द्र सिंह संधू ने जिला कमेटी की बैठक के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि कंप्यूटर टीचर्स यूनियन पंजाब की 5 सितंबर को संगठन द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार 20 सितंबर से जिला मुख्यालय संगरूर के आगे राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और उस दिन से ही संगरूर में मांगों की प्राप्ति तक पक्के मोर्चे की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब के 6640 कंप्यूटर शिक्षकों को 2.12.2010 को राज्यपाल की मंजूरी के साथ पंजाब सरकार द्वारा जारी रेगुलर नोटिफिकेशन और 2011 में रेगुलर नियुक्ति पत्र मिलने के बावजूद, सोसायटी (पिक्टस) के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। मान्नीय हाई कोर्ट में कंप्यूटर शिक्षकों के हक में फैसला आने के बावजूद पंजाब सरकार उसे लागू करने की बजाय सुप्रीम कोर्ट चली गई है और कंप्यूटर शिक्षकों की हक की मांगों को लागू करने से भाग रही है। सब कमेटी के साथ पिछली बैठकों में बनी सहमति के अनुसार पांचवे वेतन आयोग के तहत बनता अनरिवाइज्ड डीए लागू करना, डेथ पॉलिसी लागू करने की बजाय सरकार समय बिता रही है। कंप्यूटर टीचर्स यूनियन फिरोजपुर के जिला नेता रविइंदर सिंह गिल, सर्वजोत सिंह, शमशेर सिंह गिल ने बताया कि 20 सितंबर की राज्य स्तरीय रैली में जिला फिरोजपुर के कंप्यूटर शिक्षक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इस अवसर पर नेताओं द्वारा बताया गया कि सरकार सिर्फ वोट के समय वादे करती है पर अमल के रूप में हमेशा उन्हें लागू करने से भाग जाती है। 6640 कंप्यूटर शिक्षक पिछले 21 सालों से सरकारी स्कूलों में पूरी निष्ठा से अपनी सेवा निभा रहे हैं पर रेगुलर नोटिफिकेशन और नियुक्ति पत्रों को आज तक किसी भी सरकार ने इन-बिन लागू नहीं किया है। इस दौरान 116 कंप्यूटर शिक्षक इस दुनिया से रुखसत हो गए हैं और 5 कंप्यूटर शिक्षक बिना कोई लाभ प्राप्त किए रिटायर भी हो चुके हैं पर उनके परिवार आज भी सामाजिक सुरक्षा और बनते हकों के लिए तरस रहे हैं। शिक्षकों ने स्पष्ट किया है कि जब तक 2.12.2010 का नोटिफिकेशन, चुनाव घोषणापत्र में किया वादा और 15 सितंबर 2022 को शिक्षा मंत्री द्वारा किया आधिकारिक ऐलान इन-बिन लागू नहीं होता, संघर्ष जारी रहेगा।

CMYK

page 5_Layout 1 14-09-2026 17:28 Page 1

पराली प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन ने तैयार की रणनीतिः डिप्टी कमिश्नर

5,000 से अधिक कृषि मशीनें उपलब्ध, 10 नए पैलेट यूनिट और पराली डंप/स्टोर किए जा रहे स्थापित

डेली आवाज भारती

बरनाला। धान की पराली के उचित प्रबंधन और पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन बरनाला द्वारा व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत जिले में कृषि मशीनरी की उपलब्धता बढ़ाने के साथ-साथ पराली के एक्स-सीटू उपयोग के लिए नया बुनियादी ढांचा भी तैयार किया जा रहा है। डिप्टी कमिश्नर बरनाला हरप्रीत सिंह, आईएएस ने बताया कि बरनाला जिले में पराली के उचित प्रबंधन के लिए 5,000 से अधिक कृषि मशीनें उपलब्ध हैं। इसके साथ ही वर्ष 2026 के दौरान जिले में 10 नए पैलेट यूनिट और पराली डंप/स्टोर स्थापित किए जा रहे हैं। इन यूनिटों के शुरू होने से खेतों से पराली को समय पर बेलरों के माध्यम से एकत्र करने, स्टोर करने और पैलेट यूनिटों तक पहुंचाने की प्रक्रिया और अधिक सुचारु होगी। इससे पराली के एक्स-सीटू उपयोग को बड़ा बढ़ावा मिलेगा और किसानों को पराली जलाने के बजाय इसके उचित प्रबंधन के लिए बेहतर विकल्प उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि बरनाला जिले में इस वर्ष धान के तहत लगभग 1,14,462 हेक्टेयर क्षेत्र होने की उम्मीद है और इससे करीब 7.10 लाख टन पराली पैदा होने की संभावना है। पराली



प्रबंधन में इन-सीटू के साथ-साथ एक्स-सीटू तकनीक के उपयोग को लगातार बढ़ाया जा रहा है। वर्ष 2024 में पराली का लगभग 90 प्रतिशत इन-सीटू और 10 प्रतिशत एक्स-सीटू उपयोग हुआ था, जबकि वर्ष 2025 में एक्स-सीटू उपयोग बढ़कर लगभग 29.5 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2026 में इसे बढ़ाकर लगभग 50 प्रतिशत तक ले जाने की संभावना है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि किसानों के सहयोग तथा जिला प्रशासन द्वारा लगातार किए जा रहे जागरूकता और निगरानी प्रयासों के चलते पराली जलाने की घटनाओं में बड़ी कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2024 के दौरान पराली जलाने की 262 घटनाएं दर्ज हुईं, जो वर्ष 2023 के मुकाबले करीब 90 प्रतिशत की कमी थी। वर्ष 2025 में यह संख्या घटकर 105 रह गई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में एक गांव में सबसे अधिक पराली जलाने की घटनाओं की संख्या 16 रही, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या 7 रही। श्री हरप्रीत सिंह ने जिले के सभी बेलर मालिकों एवं ऑपरेटरों से अपील करते हुए कहा कि धान की कटाई के सीजन के दौरान वे अपनी मशीनरी को अधिक से अधिक बरनाला जिले में ही लगाएं। किसानों के खेतों से पराली की समय पर बेलिंग करके उसे निर्धारित डंप/स्टोर और पैलेट यूनिटों तक पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बेलर मालिक पैलेट यूनिटों तथा पराली के डंप/स्टोर मालिकों के साथ पहले से तालमेल बनाकर रखें, ताकि पराली एकत्र करने और उसकी ढुलाई में किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि जिले में पैलेट यूनिटों और पराली स्टोरों की संख्या बढ़ने से बेलर मालिकों के लिए भी बरनाला जिले में काम करने के अधिक अवसर पैदा हो रहे हैं। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पराली केवल कृषि अवशेष नहीं, बल्कि एक मूल्यवान कृषि संसाधन है। इसे आग लगाने के बजाय खेत में मिलाकर मिट्टी की सेहत सुधारी जा सकती है या बेलरों के माध्यम से एकत्र करके पैलेट यूनिटों और अन्य औद्योगिक उपयोग के लिए भेजा जा सकता है।

गांव कांझला में लगाए गए निःशुल्क आंखों के जांच शिविर का ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने किया उद्घाटन

डेली आवाज भारती

विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा आंखों की निःशुल्क जांच–जरूरतमंदों को चश्मे और दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं

धूरी। पंजाब सरकार की पहल के तहत आज गुरुद्वारा झिड़ा साहिब, गांव कांझला में विशेष निःशुल्क आंखों का जांच शिविर लगाया गया, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह द्वारा किया गया। ÷स्वस्थ आंखें, सुखद पंजाब÷ के उद्देश्य से लगाए गए इस शिविर में शंकरा आई अस्पताल, लुधियाना के विशेष सहयोग से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा लोगों की आंखों की जांच की गई। इस अवसर पर ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने कहा कि स्वस्थ पंजाब के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। लोगों को उनके घरों के नजदीक निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए ऐसे शिविर लगातार लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय पर आंखों की जांच करवाने से कई गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। शिविर के दौरान लोगों को आंखों



की जांच, जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे, दवाइयां और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच की सुविधाएं बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध करवाई गई। इसके अलावा, जिन मरीजों को आंखों के ऑपरेशन की आवश्यकता पाई गई है, उनके जरूरत के अनुसार ऑपरेशन भी करवाए जाएंगे। इस अवसर पर ब्लॉक समिति धूरी के चेयरमैन रणयोध सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए आंखों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर लोगों को उनके घरों के नजदीक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर अपनी आंखों की जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पंजाब और रंगले पंजाब के निर्माण के लिए लोगों को स्वस्थ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर ए.डी.सी. सुखचैन सिंह, जिला परिषद सदस्य हरजिंदर सिंह कांझला सहित बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

एस.आई.आर.-2026: खरड़ विधानसभा क्षेत्र में दावों और आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया जारी

डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया) – डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी श्रीमती कोमल मित्तल, आई.ए.एस. के दिशा-निर्देशों के तहत खरड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एस.आई.आर.)-2026 के तीसरे चरण के अंतर्गत दावों और आपत्तियों के निपटारे से संबंधित प्रक्रिया प्रगति पर है। इस चरण के तहत 13 अगस्त 2026 से 12 सितंबर 2026 तक आम जनता द्वारा दावे और आपत्तियां प्रस्तुत की गईं। एस.डी.एम.-कम-ई.आर.ओ. खरड़ श्री गुरमीत सिंह ने बताया कि प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार 8 अक्टूबर 2026 तक किया जाना है। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और राजनीतिक दलों की



भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें नियमित रूप से आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि खरड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की जानकारी के लिए फॉर्म नंबर 6, 7 और 8 से संबंधित अंतिम सप्ताह की सूचियां फॉर्म नंबर 9, 10, 11 और 11-ए में उपलब्ध करवाई गई हैं। इसके अलावा, चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारियों द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साप्ताहिक बैठकें आयोजित कर दावों और आपत्तियों से संबंधित आवश्यक जानकारी भी साझा की जा रही है। श्री गुरमीत सिंह ने कहा कि एस.आई.आर.-2026 की प्रक्रिया निर्धारित नियमों और समय-सारणी के अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने तथा प्राप्त दावों और आपत्तियों का नियमों के अनुसार निष्पक्ष ढंग से निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है।

पंजाब सरकार के खिलाफ कल होगा रोष प्रदर्शनः विजय शर्मा टिंकू

डेली आवाज भारती

माजरी/मुल्लांपुर/कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) – पंजाब सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज पंजाब का हर वर्ग परेशान है। यह बात हलका खरड़ के हलका इंचार्ज विजय शर्मा टिंकू ने प्रेस नोट जारी करते हुए कही। विजय शर्मा टिंकू ने कहा कि 15 सितंबर को पंजाब सरकार के खिलाफ चंडीगढ़ के सेक्टर-15 स्थित कांग्रेस भवन में एक विशाल रोष प्रदर्शन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन पिछले दिनों एक गरीब परिवार के व्यक्ति को कथित तौर पर आत्महत्या करने के लिए मजबूर किए जाने के मामले के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस रोष प्रदर्शन में विधानसभा हलका खरड़ से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता भाग लेंगे। उन्होंने सभी कांग्रेस



नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से विनम्र अपील की कि वे अपने-अपने साथियों को अधिक से अधिक संख्या में साथ लेकर इस प्रदर्शन में जरूर पहुंचें। विजय शर्मा टिंकू ने कहा कि पंजाब सरकार के खिलाफ आयोजित इस रोष प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए हलका खरड़ से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की जा सके।

नशा मुक्त पंजाब के 'आप' सरकार के दावे सिर्फ कागजों तक सीमितः कालेवाल

- युवा नशे की चपेट में, सरकार केवल विज्ञापनों और बयानों में कर रही कार्रवाई

डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया) – हलका खरड़ के अधीन आते गांव मुंधो संगतियां में आयोजित राजनीतिक सभा को संबोधित करते हुए जत्थेदार चरणजीत सिंह कालेवाल, सदस्य एसजीपीसी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पंजाब को नशा मुक्त करने संबंधी सरकार के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है। कालेवाल ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में पंजाब को नशामुक्त करने के लिए



गंभीर है तो उसे नशा तस्करों के बड़े नेटवर्क के खिलाफ ठोस कार्रवाई करनी चाहिए और इसके परिणाम पंजाब की जनता के सामने रखने चाहिए। उन्होंने नशों के खिलाफ आवाज उठाने वाले गुलजार सिंह की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सरकार को जनता को यह जवाब देना चाहिए कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। जत्थेदार कालेवाल ने कहा कि 'आप' सरकार की नशा विरोधी मुहिम केवल तस्वीरों और प्रचार तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। पंजाब की युवा पीढ़ी का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा नशे के मुद्दे पर सरकार को घेरती रहेगी और पंजाब के लोगों की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी। इस अवसर पर सरपंच चरणजीत सिंह, नंबरदार बलवंत सिंह, सर्कल प्रधान मोहित पंडित, बलविंदर सिंह, तलविंदर सिंह, गुरबचन सिंह, मेजर सिंह, गुरमुख सिंह, मुख्तियार सिंह, राजवीर सिंह, सुखजिंदर सिंह सुखा, रणधीर सिंह, अमन नंगल तथा हरप्रीत सिंह लखनौर उपस्थित थे।

खेलां वतन पंजाब दीयां सीजन-4 में पहली बार टेनिस बॉल क्रिकेट शामिल

डेली आवाज भारती

गुरदासपुर, (अमनदीप संधू): मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर खेल विभाग द्वारा राज्य में खिलाड़ियों की प्रतिभा की पहचान करने, खेलों के प्रति अनुकूल माहौल बनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पंजाब खेलां वतन पंजाब दीयां-2026 (सीजन-4) करवाए जा रहे हैं। इस बार इन खेलों में पहली बार टेनिस बॉल क्रिकेट (डेमोंस्ट्रेशन गेम) को शामिल किया गया है। इसके तहत ब्लॉक स्तर पर 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लड़कों एवं पुरुषों के क्रिकेट मुकाबले करवाए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी गुरदासपुर सिमरनजीत सिंह ने बताया कि इस बार ब्लॉक स्तरीय टूर्नामेंट में पहली बार टेनिस बॉल क्रिकेट (डेमोंस्ट्रेशन गेम) के मुकाबले 17 सितंबर 2026 से 22 सितंबर 2026 तक करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को गुरदासपुर के सरकारी कॉलेज गुरदासपुर, ब्लॉक काहनूवान के ग्राम पंचायत खेल मैदान गांव सठियाली, हलका डेरा बाबा नानक



के शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम डेरा बाबा नानक तथा ब्लॉक कलानौर के शहीद भगत सिंह स्टेडियम, अगवान रोड कलानौर में मुकाबले करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर को ब्लॉक कादियां के स्पोर्ट्स स्टेडियम नत्त मोकल, हलका बटाला के स्काई राइडर क्रिकेट अकादमी, बटाला, मिशरपुरा, ब्लॉक धारीवाल के हॉकी सेंटर घुम्मण कलां, ब्लॉक श्री हरगोबिंदपुर साहिब के सरकारी स्कूल गांव दकोहा, ब्लॉक दोरांगला के ग्राम पंचायत खेल मैदान गांव बाहमणी, ब्लॉक दीनानगर के आर्य स्कूल दीनानगर तथा ब्लॉक फतेहगढ़ चूड़ियां के ग्राम पंचायत खेल मैदान गांव अलीवाल में मुकाबले करवाए जाएंगे।

डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर ने गांव घनीए-के-बांगर में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

डेली आवाज भारती

चेयरमैन एवं हलका इंचार्ज जोबन रंधावा, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने की शिरकत

फतेहगढ़ चूड़ियां, (अमनदीप संधू): डिप्टी कमिश्नर श्री आदित्य उप्पल द्वारा गांव घनीए-के-बांगर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने गांव में विभिन्न विकास कार्य करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर चेयरमैन एवं हलका इंचार्ज फतेहगढ़ चूड़ियां जोबन रंधावा, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) गुरप्रीत सिंह गिल, एस.डी.एम. सुखजिंदर सिंह टिवाणा, बी.डी.पी.ओ. परमजीत कौर, सी.डी.पी.ओ. श्रीमती हरजीत कौर, प्रिंसिपल हरपिंदरपाल सिंह संधू, इंचार्ज शिक्षा विंग माझा जोन, सरपंच सुखराज सिंह, सरबजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं हलके की प्रमुख शख्सियतें मौजूद थीं। बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर



ने गांव घनीए-के-बांगर में स्ट्रीट लाइटें लगाने, गांव की फिरनी बनाने तथा गलियों का निर्माण करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने गांव में लगे कूड़े के ढेरों को उठाने के लिए भी कहा। डिप्टी कमिश्नर ने गांववासियों को बताया कि गांव में विभिन्न विभागों द्वारा जल्द ही विकास कार्य शुरू करवाए जाएंगे तथा लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने फतेहगढ़ चूड़ियां शहर एवं गांवों में करवाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों, लिंक सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत, मनरेगा, सैनिटेशन, जल सप्लाई तथा नहरी विभाग के अधीन करवाए जा रहे कार्यों का विस्तारपूर्वक जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय के भीतर विकास कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं संबंधी सरपंचों, पंचों एवं पार्षदों को जानकारी दी जाए, ताकि गांवों तथा शहरी क्षेत्रों में लोगों के हित में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाए जा सकें।

विधायक शेरी कलसी के नेतृत्व में बटाला शहर में विकास कार्यों की रफ्तार जारी





डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी के नेतृत्व में बटाला विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार जारी है। शहर के विभिन्न वार्डों में करवाए जा रहे विकास कार्य अब नजर आने लगे हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित सोढ़ी ने बताया कि विधायक शेरी कलसी के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र बटाला, विशेषकर बटाला शहर में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। लोगों की मांगों के अनुसार विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 26 में लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गलियों के निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्य करवाए गए हैं। इन कार्यों से वार्ड के निवासियों को काफी सुविधा मिली है और वार्ड की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने आगे बताया कि विधायक शेरी कलसी के लगभग साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल के दौरान बटाला शहर में ट्रैफिक की समस्या के समाधान के लिए सड़कों और चौराहों को खुला किया गया है। शहर में ट्रैफिक लाइटें लगाई गई हैं। अमित सोढ़ी ने बताया कि बटाला शहर में 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' का निर्माण किया गया है।

पी.ए.यू.-कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर द्वारा धान की पराली के प्रबंधन संबंधी पांच दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संपन्न

डेली आवाज भारती

मूनक। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर द्वारा मूनक तहसील के गांवों हमीरगढ़ और भाटूआं में धान की पराली के उचित प्रबंधन संबंधी लगाए गए पांच दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में किसानों को धान की पराली को आग लगाने के बजाय खेत में ही प्रबंधित करने के लाभों के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही तकनीकी जानकारी और कृषि मशीनरी के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. मनदीप सिंह, इंचार्ज, पी.ए.यू.-कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर ने





खेत में ही धान की पराली के प्रबंधन के फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि इससे मिट्टी में जैविक कार्बन और पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ती है, मिट्टी की भौतिक सेहत में सुधार होता है और पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने किसानों को के.वी.के. द्वारा पराली के खेत में प्रबंधन के लिए उपलब्ध करवाई जा रही कृषि मशीनरी और तकनीकी जानकारी का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने किसानों को पराली जलाने से पैदा होने वाली हानिकारक गैसों और धुएं से पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने किसानों को रबी की फसलों की कुशल योजना के बारे में जानकारी देते हुए गेहूं की नई किस्म पी.बी.डब्ल्यू. 887 तथा सरसों की नई किस्में पंजाब राया कैनोला सरसों-7 और पी.बी.आर. 813 के बारे में भी जानकारी दी। डॉ. सुनील कुमार, सहायक प्रोफेसर (फार्म पावर मशीनरी) ने धान की पराली के खेत में ही प्रबंधन के लिए इस्तेमाल होने वाली कृषि मशीनरी, जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, स्मार्ट सीडर, पैडी स्ट्रॉ चॉपर-कम-श्रेडर और मल्चिंग मशीनरी के सही इस्तेमाल तथा खेत की तैयारी संबंधी जानकारी साझा की। उन्होंने किसानों को मशीनरी का उचित इस्तेमाल करके पराली प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया और किसानों की इस तकनीक से संबंधित सभी शंकाओं एवं आशंकाओं को दूर किया। डॉ. रुकिंदरप्रीत सिंह धालीवाल, सहायक प्रोफेसर (फसल विज्ञान) ने पराली के खेत में प्रबंधन के बाद गेहूं की बुवाई के समय अपनाई जाने वाली उन्नत कृषि तकनीकों, खरपतवार नियंत्रण और खादों के इस्तेमाल संबंधी विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने धान में आने वाली समस्याओं जैसे बौना रोग, भूरा पीठ वाला फुदका, हल्दी रोग और झंडा रोग की पहचान एवं रोकथाम के बारे में किसानों को जागरूक किया। उन्होंने धान में पोटाशियम नाइट्रेट के छिड़काव की महत्ता और इसकी सिफारिशों के अनुसार उपयोग संबंधी जानकारी भी साझा की। डॉ. रविंदर कौर, एसोसिएट प्रोफेसर (बागवानी) ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मटर, प्याज, गाजर, खरबूजा और तरबूज की किस्मों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बागवानी फसलों में धान की पराली को मल्च के रूप में इस्तेमाल करने के तरीके और इसके फायदों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि पराली के उचित इस्तेमाल से बागों में खरपतवार नियंत्रण, मिट्टी में नमी का संरक्षण और अच्छी गुणवत्ता वाले फलों का उत्पादन किया जा सकता है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक – रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) – हेमन्त मित्तल। चेयरमैन– श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर – धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी–4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा – 132117 से मुद्रित। दूरभाष– प्रेस कार्यालय – 01762–505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 14-09-2026 21:00 Page 1



डब्ल्यूटीए रैंकिंग:

विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी बनीं रिबाकिना, खत्म की सबालेंका की बादशाहत

नई दिल्ली। सोमवार को जारी साप्ताहिक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में बेलारूस की एरीना सबालेंका से आगे निकलने के बाद एलेना रिबाकिना आधिकारिक तौर पर विश्व की नई नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं। हाल ही में खत्म हुए यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में किनवेन झेंग को हराने के बाद ही रिबाकिना का टॉप स्पॉट पक्का हो गया था। कजाकिस्तान की स्टार खिलाड़ी ने फाइनल में सबालेंका को हराकर इस टूर्नामेंट का समापन किया। रिबाकिना सिंगल्स रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 1 बनने वाली कजाकिस्तान की पहली (पुरुष या महिला) खिलाड़ी बन गई हैं। पूरे सीजन में शानदार प्रदर्शन के कारण वह सबालेंका के काफी करीब बनी रहीं, जबकि बेलारूसी टेनिस स्टार का फॉर्म सीजन के बीच में थोड़ा गिर गया था। जहां सीजन के बीच में सबालेंका की लय बिगड़ी, वहीं रिबाकिना पिछले साल के आखिर से ही टॉप पर पहुंचने की ओर बढ़ रही थीं। उन्होंने इस साल सीजन के बीच में नॉर्थ अमेरिकन हार्ड-कोर्ट स्विंग पर शानदार प्रदर्शन किया और उसके बाद %बिग एप्पल% (न्यूयॉर्क) में भी सफलता हासिल की। नंबर 1 पोजीशन पक्का होने पर रिबाकिना ने प्रतिक्रिया दी थी। डब्ल्यूटीए के अनुसार, रिबाकिना ने कहा, ÷यह इतिहास है, और मुझे कजाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं प्रोफेशनल बनूंगी या इतने बड़े मंचों पर इस तरह के टूर्नामेंट खेलूंगी। यूएस ओपन के फाइनल में कजाकिस्तान की खिलाड़ी से हारने के बाद सबालेंका ने रिबाकिना के टॉप पर आने पर प्रतिक्रिया दी। जब उन्हें बताया गया कि वह 99 हफ्तों तक टॉप स्पॉट पर रहीं, तो उन्होंने मजाक में पूछा कि क्या रिबाकिना इस मामले में उन्हें हरा सकती हैं। उन्होंने कहा, ÷देखते हैं कि क्या एलेना मुझे इसमें हरा सकती हैं। अगर वह इसी तरह खेलती रहीं, तो हां, मैं मुश्किल में पड़ सकती हूं। रिबाकिना ने सबालेंका को 6-4, 5-7, 6-2 से हराकर अपना पहला यूएस ओपन खिताब जीता था। खिताब जीतने के बाद रिबाकिना ने कहा, ÷यह सच में अविश्वसनीय है। मुझे अभी भी यकीन नहीं हो रहा है। मतलब, मेरे पास शब्द नहीं हैं। कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी ने टूर्नामेंट से पहले सात दिनों तक अपने रैकेट को हाथ भी नहीं लगाया था और बताया कि न्यूयॉर्क में उनकी तैयारी बिल्कुल भी अच्छी नहीं थी। उन्होंने कहा, ÷किसी तरह, हम हर दिन कोई न कोई रास्ता खोजने की कोशिश कर रहे थे और उन चुनौतियों का सामना कर रहे थे जो हर सुबह मेरे सामने आती थीं। टूर्नामेंट से पहले सात दिनों तक मैंने अपने रैकेट को छुआ तक नहीं था।

कई मुश्किलों और अनिश्चितताओं के बावजूद रिबाकिना ने शानदार वापसी करते हुए खिताब जीता। खास बात यह रही कि उन्होंने टूर्नामेंट से पहले सिर्फ चार दिन ही अभ्यास किया था। रिबाकिना ने कहा, ÷मैंने सिर्फ चार दिन प्रैक्टिस की थी। मुझे खुद पर पूरा भरोसा था और मैं अपनी टीम के साथ लगातार रणनीति पर चर्चा कर रही थी। कनाडा और सिनसिनाटी में खेलने के अनुभव ने भी मदद की। कई चीजें मेरे पक्ष में रहीं। सच कहूं तो मुझे खुद भी हैरानी हो रही है कि मैं खिताब जीतने में सफल रही।

सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी टीम इंडिया

अफगानिस्तान को होगी पहली जीत की तलाश

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया। सीरीज का दूसरा मुकाबला अब मंगलवार को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई में भारतीय टीम सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। वहीं, अफगानिस्तान टीम भारत के खिलाफ क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में पहली जीत दर्ज करना चाहेगी। पहले टी20 में भारतीय टीम का प्रदर्शन दमदार रहा। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 32 गेंदों में 82 रनों की तूफानी पारी खेली थी। अभिषेक के आगे अफगानिस्तान के गेंदबाज पूरी तरह से बेबस दिखाई दिए थे। वहीं, ईशान किशन ने 33 गेंदों में 42 रनों का योगदान दिया था। हालांकि, संजू सैमसन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे और वह



10 रन बनाकर आउट हुए थे। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम दूसरे टी20 में संजू सैमसन को प्लेइंग इलेवन में बरकरार रखती है या फिर टीम मैनेजमेंट वैभव सूर्यवंशी को मौका देता है। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 19 रन देकर 3 विकेट चटकाए थे, जबकि जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल भी किफायती रहे थे। हालांकि, नीतीश कुमार रेड्डी जरूर महंगे साबित हुए थे और उन्होंने 2 ओवर में 30 रन दिए थे। दूसरी ओर, अफगानिस्तान दूसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। पहले टी20 में टीम का टॉप और मिडिल ऑर्डर बुरी तरह से फेल रहा था। हालांकि, निचले क्रम में अजमतुल्लाह उमरजई ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों में 64 रनों की दमदार पारी खेली थी। वहीं, मोहम्मद नबी ने 33 रनों का योगदान दिया था। नबी को छोड़कर टीम के बाकी गेंदबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे। अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम की पिच पहले टी20 में बल्लेबाजों के लिए मुफीद नजर आई थी। छोटी बाउंड्री होने का भरपूर फायदा अभिषेक शर्मा और उमरजई ने उठाया था। हालांकि, पिच में स्पिन गेंदबाजों के लिए भी थोड़ा घुमाव देखने को मिला था। भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक कुल 10 टी20 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 9 में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है। वहीं, एक मैच बेनतीजा रहा है। एक्यूवेदर की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली में मौसम पूरी तरह से साफ रहने की उम्मीद है। भारतीय टीम का स्क्वॉड- श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (उपकप्तान), शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, जसप्रित बुमराह, अर्शदीप सिंह और यश ठाकुर।
अफगानिस्तान टीम का स्क्वॉड- इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), नूर रहमान (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नाइब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, अब्दुल्ला अहमदजई और नवीन-उल-हक।

पाकिस्तान का हाल हुआ बेहाल, क्लीन स्वीप के बाद आईसीसी ने लगाया जुर्माना

11 डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स भी काटे

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में हुए तीसरे टेस्ट में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण पाकिस्तान को दोहरी सजा मिली है। इसके चलते टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की प्वाइंट्स टेबल में नुकसान हुआ है और उनका जीत प्रतिशत घटकर 10 प्रतिशत से भी नीचे पहुंच गया है। आईसीसी ने बताया कि बर्मिंघम में इंग्लैंड से 8 विकेट से हार के दौरान, समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद भी लक्ष्य से 11 ओवर कम होने के कारण पाकिस्तान पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके 11 डब्ल्यूटीसी प्वाइंट भी काट लिए गए हैं।पाकिस्तान टीम को ऑन-फील्ड अंपायर पॉल राइफेल, क्रिस गैफनी, तीसरे अंपायर अल्लाहउद्दीन पालेकर और



चौथे अंपायर रसेल वॉरेन ने दोषी पाया है। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रंजन मदुगले ने इंग्लैंड के खिलाफ 0-3 से बुरी तरह हारने के बाद बाबर आजम की टीम को यह सजा सुनाई है। इस सजा का पाकिस्तान को बड़ा नुकसान हुआ है। बर्मिंघम टेस्ट में हार के बाद टीम का पहले ही डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में जीत प्रतिशत 14.81 हो गया था और टीम सबसे निचले पायदान पर पहुंच गई थी। अब 11 अंक काटे जाने के बाद पाकिस्तान का जीत प्रतिशत घटकर सिर्फ 4.63 प्रतिशत रह गया है। इस कटौती के बाद टीम के पास 9 मैचों से केवल पांच अंक बचे हैं।

मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में पाकिस्तान ने दो मैच जीते हैं और सात हारे हैं लेकिन धीमी ओवर गति (स्लो ओवर रेट) के कारण उसे अपने 24 प्वाइंट्स में से 19 प्वाइंट गंवाने पड़े हैं। 11 प्वाइंट की इस कटौती से पहले, इस साल मई में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका टेस्ट में धीमी ओवर गति के कारण पाकिस्तान के आठ प्वाइंट भी काटे गए थे। ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जीता यूएस ओपन 2026 का खिताब, फाइनल में बेन शेल्टन को दी शिकस्त

न्यूयॉर्क। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने यूएस ओपन 2026 के पुरुष सिंगल्स फाइनल में अमेरिकी बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(2), 5-7, 6-2 से हराकर अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब और साल का दूसरा मेजर खिताब जीता। तीन घंटे 33 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद ज्वेरेव ने एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है। अब वह सिनर से 700 अंक आगे हैं। यह रैंकिंग बताती है कि साल के अंत में एटीपी का नंबर एक खिलाड़ी कौन बनेगा। ज्वेरेव अपना छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल और इस साल का तीसरा फाइनल खेल रहे थे, जबकि शेल्टन अपने करियर में पहले कभी इस स्टेज तक नहीं पहुंचे थे। जर्मनी के स्टार खिलाड़ी ज्वेरेव इस साल शानदार फॉर्म में रहे हैं।

क्रिकेटर मोहम्मद शमी के दो भाइयों पर मुकदमा

महिला ने लगाए शारीरिक संबंध बनाने और धमकी देने के आरोप

लखनऊ। क्रिकेटर मोहम्मद शमी के भाई मोहम्मद कैफ और मोहम्मद हसीब के खिलाफ लखनऊ के आशियाना पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। एक तलाकशुदा महिला ने मोहम्मद कैफ के खिलाफ कथित तौर पर शादी का वादा करके संबंध बनाने और मोहम्मद हसीब पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। फिलहाल, लखनऊ पुलिस मामले की जांच में जुटी है। लखनऊ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351 और 69 के तहत क्रिकेटर के भाई मोहम्मद कैफ और मोहम्मद हबीब पर मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर के अनुसार, महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि 2020 में एक दोस्त के जरिए मोहम्मद कैफ से उसकी मुलाकात हुई थी। परिचय होने के बाद दोनों



की मुलाकातें बढ़ने लगी थीं। अगस्त 2023 में मोहम्मद कैफ ने उससे शादी का प्रस्ताव रखा था। महिला ने कहा कि उसने पहले ही मोहम्मद कैफ को बताया था कि वह तलाकशुदा है और उसका एक बेटा है। उस समय कैफ ने उससे बोला कि उसे उसके अतीत और बेटे से कोई आपत्ति नहीं है। महिला ने कहा कि शादी का विश्वास दिलाए जाने के वह उनकी बातों पर विश्वास करने लगी थी। इसके बाद कैफ ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब वह शादी के लिए बोलती थी तो कैफ उसके सामने कुरान की कसम खाते थे और उचित समय पर शादी की बात कहते थे। अपनी शिकायत में महिला ने यह भी बताया कि कैफ ने उससे आईपीएल 2025 के ऑक्शन के बाद निश्चित रूप से शादी करने के लिए कहा था। महिला ने मोहम्मद कैफ पर नौकरी छुड़वाने के भी आरोप लगाए हैं। महिला ने कहा कि दिसंबर में शादी नहीं करने के बाद उसने शमी के भाई मोहम्मद हसीब से बात की थी, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला था। महिला ने शिकायत में कहा कि उसके एक पॉडकास्ट के बाद मोहम्मद कैफ ने उससे फिर से शादी का वादा करते हुए उस पॉडकास्ट को रोकने के लिए बोला था और बाद में शारीरिक संबंध भी बनाए थे। एफआईआर के अनुसार, महिला ने कहा कि मोहम्मद हसीब ने उसे एक व्यक्ति बदरुद्दीन के जरिए अमरोहा बुलाया था, जहां उन्होंने उसे डराया और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद लखनऊ पुलिस ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी के भाई मोहम्मद कैफ और मोहम्मद हसीब के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

विमेंस एशिया कप: श्री चरणी ने रचा इतिहास

पूनम यादव का 8 साल पुराना रिकॉर्ड किया ध्वस्त

नई दिल्ली। विमेंस एशिया कप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 72 रनों से हराते हुए खिताब को अपने नाम किया। टीम की इस जीत में श्री चरणी ने गेंद से अहम भूमिका निभाई और खिताबी मुकाबले में उन्होंने 4 विकेट चटकाए। श्री चरणी ने अपने 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 20 रन खर्च करते हुए श्रीलंका की चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। चरणी ने अपने इस स्पेल के दौरान पूनम यादव का 8 साल पुराना रिकॉर्ड भी ध्वस्त किया। वह अब भारत की ओर से टी20 इंटरनेशनल में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। साल 2026 में चरणी अभी तक कुल 39 विकेट अपने नाम कर चुकी हैं। पूनम ने 2018 में कुल 35 विकेट चटकाए थे। इस लिस्ट में दीप्ति शर्मा 30 विकेट के



साथ तीसरे नंबर पर काबिज हैं। श्री चरणी का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में शानदार रहा। उन्होंने 5 मुकाबलों में 5.58 की औसत से कुल 12 विकेट अपने नाम किए। वह टूर्नामेंट में दीप्ति शर्मा के बाद सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं। दीप्ति ने विमेंस एशिया कप 2026 में कुल 14 विकेट झटके। फाइनल मुकाबले में दीप्ति और श्री चरणी की जोड़ी ने मिलकर कुल 7 श्रीलंकाई बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। खिताबी मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 183 रन बनाए। टीम की तरफ से शेफाली वर्मा ने 39 गेंदों में 68 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि स्मृति मंधाना ने 39 गेंदों में 59 रनों का योगदान दिया। हालांकि, 184 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया और पूरी टीम 111 रन बनाकर सिमट गई। श्रीलंका की ओर से सर्वाधिक 36 रन कप्तान चमारी अटापट्टू ने बनाए, जबकि नीलाक्षिका सिल्वा ने 22 रनों का योगदान दिया। भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 8वीं बार एशिया कप के खिताब पर कब्जा जमाया।

'हमने बेस्ट क्रिकेट नहीं खेला',

विमेंस एशिया कप का खिताब गंवाने के बाद बोलीं श्रीलंकाई कप्तान चमारी अटापट्टू

दुबई। श्रीलंका विमेंस एशिया कप के खिताब का बचाव करने में नाकाम रही। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टीम को फाइनल मुकाबले में भारत के खिलाफ 72 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। फाइनल मैच में मिली हार के बाद श्रीलंकाई कप्तान चमारी अटापट्टू ने माना कि टीम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। खिताब गंवाने के बाद चमारी अटापट्टू ने कहा, ÷यह खेल का हिस्सा है। एक टीम जीतती है और एक टीम हारती है, लेकिन आखिर में मुझे पता है कि हमने अपना सबसे अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। खासकर पावरप्ले में हमें गेंदबाजी में काफी मुश्किल हुई। उन्होंने वाकई बहुत अच्छा खेला। मगर हम वापसी करेंगे, क्योंकि इसके बाद एशियन गेम्स होने वाले हैं। इसलिए हमें कई क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है, और हम वापसी करेंगे।÷ श्रीलंकाई कप्तान ने आगे कहा, ÷इस गेम के अलावा हमने पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला। हमने कुछ टीमों को हराया, और इस मुकाबले में हमें थोड़ी मुश्किल हुई, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अच्छे नहीं हैं। हमें अपनी योजनाओं पर अमल करने की जरूरत है, और मुझे उम्मीद है कि हम वापसी कर सकते हैं। कई खिलाड़ियों ने काफी सुधार किया और अच्छा क्रिकेट खेला। खासकर हर्षिता, प्रबोदा और नीलाक्षिका। इसी वजह से हम इन सभी सकारात्मक बातों को अगली सीरीज में भी साथ लेकर चलेंगे।÷

फाइनल मुकाबले में श्रीलंका का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारत से मिले 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की पूरी टीम 111 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की ओर से कप्तान चमारी अटापट्टू ने सर्वाधिक 36 रन बनाए, जबकि नीलाक्षिका सिल्वा ने 22 रनों का योगदान दिया। भारत की ओर से गेंदबाजी में श्री चरणी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 20 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जबकि दीप्ति शर्मा ने 19 रन देकर 3 विकेट निकाले। भारत की तरफ से बल्लेबाजी में शेफाली वर्मा (68 रन) और स्मृति मंधाना (59) ने तूफानी अर्धशतकीय पारी खेली। भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 8वीं बार एशिया कप के खिताब को अपने नाम किया।



धीरज बोम्मादेवरा ने रचा इतिहास

तीरंदाजी विश्व कप फाइनल जीतने वाले बने पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी

साल्टिलो (मेक्सिको)। जयंत तालुकदार के विश्व कप फाइनल में पदक जीतने के 16 साल बाद भारत को पुरुष रिकर्व वर्ग में फिर से बड़ी सफलता मिली है। धीरज बोम्मादेवरा ने बेहद दबाव भरे शूट-ऑफ में शानदार संयम दिखाते हुए जीत हासिल की। इसके साथ ही वह तीरंदाजी विश्व कप फाइनल का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए हैं। दुनिया के नंबर 10 तीरंदाज और सेना के 25 वर्षीय खिलाड़ी धीरज ने साल्टिलो में हुए रोमांचक फाइनल में जापान के नाकानिशी जुन्या को 6-5 से हराया। पांच सेट के बाद मुकाबला 5-5 से बराबरी पर था, जिसके बाद शूट-ऑफ में धीरज ने 10 का स्कोर किया, जबकि नाकानिशी ने 9 का स्कोर किया और धीरज ने गोल्ड मेडल अपने नाम करने में सफल रहे। यह सफलता धीरज के



लिए और भी खास रही, क्योंकि पिछले दो तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में वह पदक नहीं जीत पाए थे। 2023 और 2024 में उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा था। हालांकि, इस बार उन्होंने नॉकआउट मुकाबलों में शानदार खेल दिखाया और फाइनल में दुनिया के 20वें नंबर के तीरंदाज नाकानिशी का सामना किया।

फाइनल में कोई भी तीरंदाज हार मानने को तैयार नहीं था। पांच सेटों में स्कोर 28-28, 28-29, 29-28, 28-30 और 28-27 रहा, जिससे गोल्ड मेडल का फैसला बहुत कम अंतर से हुआ। धीरज की जीत ने इस प्रतिष्ठित सीजन-एंडिंग इवेंट में भारत का रिकॉर्ड भी बदल दिया। तालुकदार ने पहले 2010 में एडिनबर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत से अब तक कोई भी भारतीय पुरुष गोल्ड मेडल नहीं जीत पाया था। भारत की एकमात्र अन्य व्यक्तिगत विश्व कप फाइनल चैंपियन डोला बनर्जी हैं, जिन्होंने 2007 में दुबई में महिलाओं का खिताब जीता था। इसलिए, धीरज की जीत बनर्जी की 19 साल पहले की सफलता के बाद भारत का पहला विश्व कप फाइनल गोल्ड मेडल है। यह उपलब्धि ऐसे टूर्नामेंट में मिली है जहां दीपिका कुमारी भारत की सबसे सफल तीरंदाज बनी हुई हैं। उन्होंने आठ बार हिस्सा लेते हुए छह विश्व कप फाइनल मेडल जीते हैं।

CMYK

page 7_Layout 1 14-09-2026 16:21 Page 1

भाजपा 18 सितंबर से शुरू करेगी 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' अभियान, नितिन नवीन करेंगे नेतृत्व

डेली आवाज भारती



पंजाब। भारतीय जनता पार्टी 18 सितंबर से एक बड़ा %नशा मुक्त पंजाब यात्रा% अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और शिवराज सिंह चौहान जैसे पार्टी के वरिष्ठ नेता पंजाब भर में हिस्सा लेंगे। नशा मुक्त पंजाब के लिए भाजपा के अभियान को उजागर करने के मकसद से निकाली जा रही यह यात्रा चार दिनों में राज्य के प्रमुख जिलों से होकर गुजरेगी। इसकी शुरुआत पठानकोट से होगी और समापन बठिंडा में होगा। पार्टी के कार्यक्रम के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 18 सितंबर को पठानकोट में यात्रा का नेतृत्व करेंगे। 19 सितंबर को यह अभियान फतेहगढ़ साहिब पहुंचेगा, जहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शामिल होंगी। 20 सितंबर को यात्रा फाजिल्का पहुंचेगी, जिसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल होंगे।

21 सितंबर को यह बड़ा अभियान बठिंडा पहुंचेगा, जहां केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान हिस्सा लेंगे। भाजपा की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मुद्दे पर केंद्रित एक बड़ा जनसंपर्क अभियान साबित हो सकती है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की भागीदारी से अभियान को राजनीतिक गति मिलने और राज्य में नशीली दवाओं की समस्या से निपटने पर पार्टी के जोर को रेखांकित करने की उम्मीद है।

यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भाजपा पंजाब में अपने संगठन और जन-संपर्क को मजबूत करने की कोशिश कर रही है, जबकि नशीली दवाओं का दुरुपयोग राज्य की राजनीतिक चर्चा में एक प्रमुख चिंता का विषय बना हुआ है। उम्मीद है कि पार्टी अभियान के दौरान नशा मुक्त पंजाब के लिए अपने विजन को उजागर करेगी और यात्रा के दौरान शामिल जिलों के लोगों से जुड़ेगी।

हाल ही में इस अभियान को लेकर पंजाब में पार्टी के राज्य प्रमुख केवल सिंह ढिल्लों ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 18 सितंबर को पठानकोट जिले के माधोपुर से इस मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ढिल्लों ने कहा कि यात्रा पंजाब के सामने मौजूद तीन बड़ी चुनौतियों पर फोकस करेगी। इनमें ड्रग्स का बढ़ता खतरा, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और प्रशासन के हर स्तर पर भ्रष्टाचार, चाहे वह तहसील और पुलिस स्टेशन हो या मुख्यमंत्री का कार्यालय, शामिल हैं। यह सिर्फ ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाली यात्रा नहीं है, बल्कि यह उस गंभीर खतरे का सामना करने की कोशिश है जो ड्रग्स से 'पंजाबियत'; यानी 'हमारी संस्कृति, मूल्यों, साहस और गुरुओं की धरती की गौरवशाली पहचान' से जुड़ी है।

राजस्थान का निकाय दंगल : ओम बिड़ला को छोड़ भाजपा के बड़े-बड़ों के गढ़ ध्वस्त

कांग्रेसी भी नहीं दिखा सके करिश्मा, निर्दलीयों की ऐतिहासिक सेंध

डेली आवाज भारती



जयपुर। राजस्थान के नगरीय निकाय चुनावों के जो नतीजे आए हैं, वे किसी एक दल की जय-पराजय से कहीं ज्यादा हमारे राजनीतिक अभिजात्य वर्ग के मुंह पर करारा तमाचा हैं। हमारे देश में एक सड़ी-गली रवायत बन चुकी है कि जो दल सूबे की गद्दी पर बैठा हो, स्थानीय निकायों में उसकी जीत मानों तयशुदा मान ली जाती है। मगर इस बार राजस्थान के प्रबुद्ध और खासकर नौजवान 'जेन-जी' मतदाताओं ने इस दंभी मुगालते की धज्जियां उड़ा दी हैं। जरा सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के अहंकार का आलम देखिए! महज एक नगर निकाय चुनाव को जीतने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी झोंक दी गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से लेकर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ तक ने गलियों में धूल फांकी, सांसदों-विधायकों को थानेदारों की तरह वार्डों में तैनात किया गया और दिल्ली से राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष को रणनीति का पहिया घुमाने जयपुर आना पड़ा। जयपुर, जोधपुर, कोटा जैसे बड़े शहरों में दो-दो निगमों को जबरन एक बनाकर, मनमाना परिसीमन थोपकर बाजी पलटने की पूरी जुगत भिड़ाई गई।

मगर नतीजा क्या निकला? %खोदा पहाड़ और निकली चुहिया!% पाली में खुद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का पसीना छूट गया, भरतपुर में खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह क्षेत्र हाथ से खिसक गया, झालावाड़ में वसुंधरा राजे का तिलिस्म बेअसर रहा, बीकानेर में अर्जुनराम मेघवाल और अजमेर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी अपनी ही चौखट नहीं बचा पाए। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी जोधपुर में साख बचाने को तरस गए। गनीमत रही कि कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपनी साख बचा ली, वरना सत्ता पक्ष के पास मुंह छिपाने की जगह नहीं बचती। इसे नेतृत्व की विफलता कहें या जनता की खुली बगावत?

लेकिन ठहरिए, क्या इस पर कांग्रेस को बगलें बजानी चाहिए? कतई नहीं! कांग्रेस की हालत तो उस निठल्ले मुसाफिर जैसी है जिसे रास्ते में पड़ी कोई चीज बिना मेहनत के मिल जाए और वह उसे अपनी कमाई समझ बैठे। अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली केवल अपने-अपने सीमित प्रभाव वाले इलाकों की चारदीवारी में कैद रहे। सचिन पायलट का कहीं अता-पता नहीं था। गुटबाजी और सुस्ती का यह आलम था कि कांग्रेस दर्जनों वार्डों में उम्मीदवार तक नहीं खोज पाई। यही वजह है कि जनता ने जब भाजपा के अहंकार को नकारा, तो उसने लाचारी में कांग्रेस की झोली भरने के बजाय 21 फीसदी से ज्यादा सीटों पर निर्दलीयों को सिर-आंखों पर बिठाया। यह जनादेश किसी दल का नहीं, बल्कि आम शहरी मतदाता की बेबसी और गुस्से की चीख है। नेताओं को समझ लेना चाहिए कि जनता अब भाषणों, खोखले वादों और बड़े चेहरों की बंधक नहीं रही। शहर की टूटी सड़कें, बजबजाती नालियां और बारिश में गुल होती बत्तियां अब वोटर के सब्र का इम्तिहान ले रही हैं।

निकाय चुनाव परिणामों के बाद सियासत :

पूर्व सीएम गहलोत का भाजपा पर गंभीर आरोप

डेली आवाज भारती

कहा—हार से बौखलाकर मेयर बनाने के लिए पुलिस का दुरुपयोग कर रही सत्ताधारी पार्टी



जयपुर। राजस्थान के 10 नगर निगमों और अन्य शहरी निकायों के चुनाव परिणाम सामने आने के बाद प्रदेश का सियासी पारा अचानक चढ़ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि निकाय चुनावों में जनता द्वारा नकारे जाने के बाद भाजपा अब सत्ता और पुलिस प्रशासन का खुला दुरुपयोग कर रही है। गहलोत ने दावा किया कि मनमाने परिसीमन, पूरी सरकारी मशीनरी के उपयोग और मुख्यमंत्री के धुआंधार रोड शो के बावजूद भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 नगर निगमों में से पाली, बीकानेर, अजमेर और भरतपुर में भाजपा चुनाव हार चुकी है। अब अपनी इस बौखलाहट को छिपाने और जोड़-तोड़ से मेयर की कुर्सी हथियाने के लिए सत्ताधारी दल जोधपुर और अलवर में पुलिस के जरिए कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों को डराने-धमकाने का काम कर रहा है। अशोक गहलोत ने पुलिस व जिला प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अधिकारी निष्पक्षता बनाए रखें और किसी भी तरह का पक्षपातपूर्ण रवैया न अपनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इस तरह के अलोकतांत्रिक कृत्यों को बेहद गंभीरता से ले रही है और सत्ता के दबाव में अनुचित कदम उठाने वाले अधिकारियों की भविष्य में जवाबदेही तय की जाएगी।

झारखंडः पलामू में 33 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के मामले का पर्दाफाश, एफआईआर दर्ज

डेली आवाज भारती




दिनीनगर। पलामू सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विजय कुमार के डिजिटल सिग्नेचर का कथित तौर पर गलत इस्तेमाल कर 33 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने का मामला सामने आया है। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद उनका वितरण भी कर दिया गया था। मामला सामने आने के बाद सभी 33 प्रमाण पत्रों को रद्द कर दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर मेदिनीनगर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी के अनुसार, सदर अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। काम का दबाव अधिक होने के कारण बिश्रामपुर निवासी शिवनारायण साव को भी पोर्टल की आईडी उपलब्ध कराई गई थी। शिवनारायण साव के कार्यकाल और पोर्टल पर किए गए कार्यों की जांच के दौरान उपाधीक्षक के डिजिटल सिग्नेचर के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आया। अब पुलिस के सामने यह पता लगाने की चुनौती है कि डिजिटल सिग्नेचर का वास्तविक इस्तेमाल किस व्यक्ति ने किया। जांच में पोर्टल लॉगिन, सिस्टम रिकॉर्ड, डिजिटल सिग्नेचर के इस्तेमाल और प्रमाण पत्र जारी करने की पूरी प्रक्रिया की तकनीकी जांच अहम होगी। पुलिस यह भी पता लगाएगी कि जारी किए गए प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन किसने किए और उन्हें किस स्तर से स्वीकृति मिली। पलामू में जन्म प्रमाण पत्र से जुड़े फर्जीवाड़े का यह पहला मामला नहीं है। इसी वर्ष मई में गढ़वा के मेराल प्रखंड में एक ऑनलाइन सेंटर से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने का मामला सामने आया था। जांच में सेंटर संचालक की भूमिका सामने आई थी और मेदिनीनगर से जुड़े एक व्यक्ति का नाम भी सामने आया था। वहीं, पिछले वर्ष जुलाई में मेदिनीनगर कचहरी परिसर में संचालित ऑनलाइन सेंटर से बड़ी संख्या में फर्जी प्रमाण पत्र बरामद किए गए थे। इन प्रमाण पत्रों पर अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर होने की बात सामने आई थी। पुलिस ने सेंटर संचालक को गिरफ्तार कर सेंटर सील कर दिया था। सितंबर 2025 में मेदिनीनगर निगम के एक कंप्यूटर ऑपरेटर पर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप भी लगा था। जांच में सरकारी शुल्क से कई गुना अधिक राशि लिए जाने की बात सामने आई थी और ऑपरेटर को हटा दिया गया था। मौजूदा मामले में पुलिस की जांच से यह स्पष्ट होगा कि 33 प्रमाण पत्र किस प्रक्रिया के तहत जारी हुए और डिजिटल सिग्नेचर का इस्तेमाल किसने किया।

सेवा संकल्प को जनांदोलन बनाएं सामाजिक, धार्मिक संगठन और आमजनः विनोद तावड़े

चंडीगढ़। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रभारी विनोद ताव` ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होना देश के लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में यह संदेश दिया है कि प्रत्येक व्यक्ति को दिन समाप्त होने से पहले स्वयं से यह सवाल करना चाहिए कि 'आज मैंने ऐसा क्या अच्छा किया, जिससे समाज के सबसे नीचे खड़े व्यक्ति का जीवन थोड़ा आगे बढ़ सके।' यही भावना सेवा संकल्प अभियान की मूल प्रेरणा है। उन्होंने प्रदेश के सामाजिक, धार्मिक संगठनों व आमजन से इस जनांदोलन में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। सोमवार को सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की अध्यक्षता में पंचकमल से आयोजित वर्चुअल बैठक में प्रदेश भर से भाजपा जिलाध्यक्ष, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

दिशा सालियान की मौत मामले में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर, पिता के बयान के बाद जांच तेज

डेली आवाज भारती



मुंबई। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई बॉम्बे हाईकोर्ट के निर्देश के बाद की गई है। दिशा की मौत जून 2020 में मुंबई में हुई थी और उनकी मौत के कुछ ही दिनों बाद सुशांत सिंह राजपूत की भी मौत हो गई थी। दोनों मामलों के समय को लेकर लंबे समय से कई तरह के सवाल और चर्चाएं होती रहीं। एफआईआर दर्ज होने से दो दिन पहले दिशा के पिता सतीश सालियान ने सीबीआई के सामने अपना बयान दर्ज कराया था। अपने बयान में उन्होंने कई लोगों के नाम लिए और आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मौत से जुड़े मामले में कथित साजिश और उसके बाद मामले को दबाने की कोशिश की गई। सतीश सालियान ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उनके बेटे और शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे समेत कई अन्य लोगों की भूमिका की जांच की मांग की है। सतीश सालियान के बयान के मुताबिक, मामले में कई लोगों की भूमिका की गहराई से जांच किए जाने की जरूरत है। उन्होंने आपराधिक साजिश, दिशा की मौत को आत्महत्या बताने वाली गलत कहानी तैयार करने और उसे फैलाने के साथ-साथ सबूतों को दबाने, नष्ट करने या उनमें कथित छेड़छाड़ किए जाने जैसे आरोपों की जांच की मांग की है। बयान में जिन लोगों के नाम का जिक्र किया गया है, उनमें आदित्य ठाकरे, रोहन रॉय, डिनो मोरिया, सूरज पंचोली, आदित्य ठाकरे के बॉडीगार्ड्स, रिया चक्रवर्ती, शोविक चक्रवर्ती, सचिन वाजे, परमबीर सिंह, डीसीपी विशाल ठाकुर, उद्धव ठाकरे और अनिल देशमुख समेत कई पुलिस अधिकारियों के नाम शामिल हैं।

इसके अलावा, मालवणी पुलिस स्टेशन से जुड़े अधिकारियों, दिशा के पोस्टमार्टम में कथित देरी से जुड़े डॉक्टरों और स्टाफ, कलिना स्थित फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी के कर्मचारियों, रीजेंट गैलेक्सी बिल्डिंग के सिक्योरिटी गार्ड्स और कई अन्य लोगों का भी बयान में जिक्र किया गया है।

सीबीआई ने इससे पहले दिशा सालियान की मौत से जुड़े सभी दस्तावेज और रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए मालवणी पुलिस को पत्र लिखा था। एजेंसी ने ये रिकॉर्ड अपनी जांच को आगे बढ़ाने के लिए मांगे थे। अब बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। बता दें कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने मामले में नए सिरे से जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा था कि जांच की निगरानी के लिए सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी को नियुक्त किया जाए।

नौगांव लोकसभा उपचुनाव को लेकर गौरव गोगोई बोले- 'डर की राजनीति बनाम जनता के साहस की परीक्षा'

जोरहाट। असम के नौगांव लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने इस चुनाव को भाजपा की राजनीति के खिलाफ जनसाहस की परीक्षा बताया है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सोमवार को आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मुख्य राजनीतिक मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच होगा। यह चुनाव इस बात की परीक्षा होगी कि क्या बीजेपी की डर और डराने-धमकाने की राजनीति जीतती है या फिर बीजेपी के खिलाफ लोगों का साहस दिखाई देता है? हमारा पूरा विश्वास है कि आज भाजपा जिस प्रकार से एक डर का माहौल बना रही है, उस डर के माहौल को नौगांव के लोग उखाड़ फेंकेंगे। आज लोग नागरिक के हिसाब से सरकार से अधिकार मांगते हैं। नागरिक के हक से वह सम्मान मांगते हैं और यह जो डर और धमकी की राजनीति है, आज उसे लोग नकारते हैं। कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा पर गोगोई ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे आधिकारिक उम्मीदवारों की घोषणा की जानी चाहिए।

हर पीड़ित की समस्या का समाधान करा रही सरकारः सीएम योगी

डेली आवाज भारती




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि सरकार हर पीड़ित की उचित समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता और शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने हर पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने और जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री 'जनता दर्शन' में कुर्सियों पर बैठे हर पीड़ित के पास खुद चलकर गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित की उचित समस्या का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ के समक्ष कुछ पीड़ितों ने पुलिस से जुड़ी अलग-अलग शिकायतें बताईं। इस पर सीएम सख्त हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस आयुक्त, एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसएसपी स्तर के अधिकारी ध्यान दें, किसी भी मामले में थाना, चौकी, बीट स्तर पर हीलाहवाली की शिकायत बर्दाश्त नहीं होगी। हर मामले में दोषियों पर नियमसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री योगी ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

नगर निकाय चुनाव-2026: भरतपुर जिले में भाजपा साफ, सभी निकायों में निर्दलीयों का दबदबा

कुल 235 वार्डों में से भाजपा के 66, कॉंग्रेस के 15, बसपा का 01 आरएलपी का 1 तथा निर्दलीय 152 प्रत्याशी विजयी खास खबर। भरतपुर नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 में भरतपुर जिले में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। जिले में नगरीय निकाय चुनावों के 235 वार्डों में 152 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए हैं। जबकि भाजपा प्रत्याशी 66 वार्डों में, कॉंग्रेस प्रत्याशी 14 वार्डों में, बसपा एवं आरएलपी के प्रत्याशी एक-एक वार्ड में विजयी हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए सभी निकायों के मतों की गणना शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। बता दें कि भरतपुर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का गृह क्षेत्र है और भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। उनके पैतृक नदबई उपखंड में भी निर्दलीयों का दबदबा रहा है।

भरतपुर नगर निगम 65 वार्डः

भरतपुर नगर निगम के 65 वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित हो गए हैं। प्राप्त परिणामों के अनुसार नगर निगम में निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 36 वार्डों में जीत दर्ज की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के 20, कांग्रेस के 7, बहुजन समाज पार्टी के 1 तथा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के 1 उम्मीदवार विजयी रहे हैं। वार्ड संख्या 1 से करन सिंह निर्दलीय, 2 से अम्बिका सैनी निर्दलीय, 3 से आकाश निराला निर्दलीय, 4 से अरविन्द निर्दलीय, 5 से गजेन्द्र कुमार कांग्रेस, 6 से कमलेश निर्दलीय, 7 से कुंदन निर्दलीय, 8 से जीतेंद्र सिंह भाजपा, 9 से कमलेश निर्दलीय, 10 से अमरनाथ निर्दलीय, 11 से तेजराम निर्दलीय, 12 से सुधा शर्मा भाजपा, 13 से ओमप्रकाश कांग्रेस, 14 से अर्जुनसिंह निर्दलीय विजयी रहे। इसी प्रकार वार्ड संख्या 15 बरफी निर्दलीय, 16 से मोतीसिंह बसपा, 17 विचित्रा से निर्दलीय, 18 से मीनू कांग्रेस, 19 से मनोज सिंह भाजपा, 20 से पूनम निर्दलीय, 21 से गोपाल आरएलपी, 22 से नीतूसिंह भाजपा, 23 से किरन भाजपा, 24 से राजेन्द्र कुमार निर्दलीय तथा वार्ड संख्या 25 से आरती निर्दलीय विजयी हुए है। इसी प्रकार वार्ड संख्या 26 से वीरमती निर्दलीय, 27 से लोकेश निर्दलीय, 28 से नीलम भाजपा, 29 से राजवीर भाजपा, 30 से राजकुमार निर्दलीय, 31 से भास्कर निर्दलीय, 32 से सुलेशा भाजपा, 33 से जयप्रकाश शर्मा कांग्रेस तथा वार्ड संख्या 34 वंदना निर्दलीय विजयी रहे। इसी प्रकार वार्ड संख्या 35 से राकेश कांग्रेस, 36 से किरणदेवी निर्दलीय, 37 से अमरसिंह निर्दलीय, 38 से धीरजकुमार निर्दलीय, 39 से जगदीश निर्दलीय, 40 से रीना



भाजपा, 41 से योगेश्वरी भाजपा, 42 से रूपेंद्रसिंह भाजपा, 43 से प्रेमपाल भाजपा, 44 से भीमसिंह भाजपा, 45 से योगिता निर्दलीय, 46 से शीला निर्दलीय, 47 से प्रह्लाद निर्दलीय, 48 से मानवेन्द्र निर्दलीय, 49 से योगेश कांग्रेस तथा वार्ड संख्या 50 से लक्ष्मी भाजपा विजयी हुए हैं। इसी प्रकार वार्ड संख्या 51 से सुशीला शर्मा भाजपा, 52 से रीना कुमारी निर्दलीय, 53 से जयश्री निर्दलीय, 54 से हरेंद्र भाजपा, 55 से दयानन्द पचौरी कांग्रेस, 56 से कल्पेश निर्दलीय, 57 से देवेंद्रसिंह भाजपा विजयी रहे। इसी प्रकार वार्ड संख्या 58 से निशा अग्रवाल भाजपा, 59 से आरती निर्दलीय, 60 से जितेंद्र निर्दलीय, 61 से अनुराधा सिंह भाजपा, 62 से जगदीश सिंह भाजपा, 63 से सुनीता निर्दलीय, 64 से रामेश्वर सिंह निर्दलीय तथा वार्ड संख्या 65 से जनार्दन सिंह निर्दलीय विजयी हुए हैं।

नगर पालिका नदबई में 35 वार्डः

नगर पालिका नदबई के वार्डवार चुनाव परिणाम के अनुसार कुल 35 वार्डों में से 25 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 10 उम्मीदवार विजयी रहे हैं। वार्ड संख्या 1 से सुगड सिंह निर्दलीय, 2 से सुषमा निर्दलीय, 3 से चरण निर्दलीय, 4 से संजय कुमार शर्मा निर्दलीय, 5 से लक्ष्मी देवी निर्दलीय, 6 से जगदीश प्रसाद निर्दलीय, 7 से अजय कुमार शर्मा भाजपा, 8 से जुगनी भाजपा, 9 से लोकेश कुमार शर्मा निर्दलीय, 10 से रविन्द्र कुमार निर्दलीय विजयी रहे हैं। इसी प्रकार वार्ड संख्या 11 से साहब सिंह निर्दलीय, 12 से डालचंद निर्दलीय, 13 से गोपालराम निर्दलीय, 14 से तन्नु कुमारी भाजपा, 15 से प्रीति कुमारी निर्दलीय, 16 से उदय सिंह निर्दलीय, 17 से रश्मि देवी निर्दलीय, 18 से मोहित जैन निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। वार्ड संख्या 19 से गुरूदीप निर्दलीय, 20 से सुनीता निर्दलीय, 21 से सीमा सिंह निर्दलीय, 22 से कुंवरसिंह भाजपा, 23 से शेष अवतार निर्दलीय, 24 कृष्णा कुमारी भाजपा, 25 से ममता कुमारी निर्दलीय, 26 चंद्रभान निर्दलीय, 27 राहुल कटारा निर्दलीय, 28 से राकेश कुमार जैन भाजपा, 29 से अजय जैन भाजपा, 30 से देवेन्द्र पूनिया निर्दलीय, 31 से सुनील कुमार गुप्ता निर्दलीय, 32 से बबीता भाजपा, 33 से गीता देवी निर्दलीय, 34 से दिलीप सिंह भाजपा तथा वार्ड संख्या 35 से कमलेश भाजपा की विजयी रहीं। नगर पालिका वैर में कुल 25 वार्ड है जिनमें से निर्दलीय 20 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी 03 वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी 02 वार्ड में विजयी रहे हैं। वार्ड बार चुनाव परिणाम के अनुसार वार्ड संख्या 1 से राजवती सैनी निर्दलीय, 2 से मोनिका निर्दलीय, 3 से ललितेश धाक भाजपा, 4 से इंदिरा देवी कांग्रेस, 5 से प्रकाश चंद निर्दलीय, 6 से सुरेश चंद्र निर्दलीय, 7 से रामबाबू निर्दलीय, 8 से कमलेश निर्दलीय, 9 से ललित निर्दलीय, 10 से गीता सिंह निर्दलीय विजयी रहे हैं। इसी प्रकार वार्ड संख्या 11 से सुषमा निर्दलीय, 12 से विद्या निर्दलीय, 13 से सलमा बानो निर्दलीय, 14 से लज्जा निर्दलीय, 15 से लक्ष्मी कुमारी निर्दलीय, 16 से मिथिलेश कांग्रेस, 17 से विष्णु महावर भाजपा, 18 से पूजा कुमारी महावर भाजपा, 19 से जानकी निर्दलीय, 20 से अलीम खान निर्दलीय विजय रहे हैं इसी प्रकार वार्ड संख्या 21 से लतेश निर्दलीय, 22 से मानसिंह निर्दलीय, 23 से राजवती निर्दलीय, 24 से पिंकी निर्दलीय तथा वार्ड संख्या 25 से प्रकाश निर्दलीय विजयी रहे हैं।

CMYK

page 8_Layout 1 14-09-2026 21:11 Page 1

पंजाब सरकार शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह का सम्मान करके अपना फर्ज निभा रही है: सीएम भगवंत सिंह मान

पंजाब सरकार देश की सेवा के लिए शहादत देने वाले अग्निवीरों के परिवारों को भी एक करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देती

डेली आवाज भारती

एस ए एस नगर/ संदीप अकालगढ़िया
अपने शूरवीरों की कुर्बानी को कभी भी लोगों के मन से भुलाने न देने का संकल्प लेते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने न्यू चंडीगढ़ में आज 200 फुट चौड़ी एच.आर.-2 रोड और एक पार्क अनंतनाग में देश की रक्षा करते हुए अपनी जान निछावर करने वाले शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह (कीर्ति चक्र) को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷हमारे शहीद हमारा मान और सरमाया हैं और पंजाब सरकार हमेशा उनके परिवारों के साथ चट्टान की तरह खड़ी रहेगी उन्होंने दोहराया कि सरकार सशस्त्र बलों के जवानों और उनके परिवारों की भलाई के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही। एक्स पर पोस्ट में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷मैं महान योद्धा शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह (कीर्ति चक्र) की शहादत दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने अनंतनाग में देश की रक्षा करते हुए शहादत का जाम पिया इस शूरवीर के प्रति सम्मान स्वरूप आज हम मुंधोपुर चौक से टी-पॉइंट तक की सड़क का नाम 'शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह मार्ग' और सेक्टर 5-ए के पार्क का नाम 'शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह पार्क' रखा है। गांव भड़ौंजीया के इस बहादुर सपूत की अनूठी कुर्बानी हमारी युवा पीढ़ी को हमेशा प्रेरित करती रहेगी हमारे शहीद हमारा मान और सरमाया हैं और पंजाब सरकार हमेशा उनके परिवारों के साथ खड़ी रहेगी। इंकलाब जिंदाबाद। शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह के नाम पर सड़क और पार्क समर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शहीद को गर्मजोशी भरी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, इस अवसर पर प्रदेश सरकार इस बहादुर योद्धा द्वारा देश के लिए दी गई कुर्बानी को याद करती है। इस शूरवीर ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए दुश्मन से लोहा लेते हुए महान कुर्बानी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा, उनकी याद में प्रदेश सरकार ने मुल्लापुर चौक से टी-पॉइंट तक की 200 फुट चौड़ी सड़क का नाम 'शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह मार्ग' रखा है। उन्होंने बताया, ÷इसी तरह सेक्टर 5-ए ब्लॉक के पार्क का नाम उनकी याद और कुर्बानी को श्रद्धांजलि स्वरूप 'शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह पार्क' रखा गया है पंजाब के इस बहादुर पुत्र, खास करके गांव भड़ौंजीया के सपूत के नाम पर इन सार्वजनिक स्थानों के नाम रखकर प्रदेश सरकार ने उनकी महान कुर्बानी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि यह पहल पंजाब के युवाओं को देश की निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करेगी उन्होंने कह, मुझे उम्मीद है कि इससे आने वाले समय में पंजाब की जवानी को देश की निःस्वार्थ सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह की बहादुरी, नेतृत्व और कुर्बानी हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी।



1700 किमी पीछा, जलपाईगुड़ी में गिरफ्तारी

खन्ना पुलिस ने ट्रक लूट गिरोह का कथित मास्टरमाइंड दबोचा

- कथित गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार, लूटा ट्रक और 1.10 लाख रुपये बरामद

डेली आवाज भारती क्राइम



लुधियाना/रवीश कपूरः 1700 किलोमीटर दूर तक पीछा कर खन्ना पुलिस ने अंतरराज्यीय ट्रक लूट गिरोह के कथित मास्टरमाइंड समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन से कथित मास्टरमाइंड को दबोचने के बाद उसकी निशानदेही पर हरियाणा के चीका से लूटा गया ट्रक बरामद किया गया। पुलिस ने स्क्रैप की बिक्री से प्राप्त 1.10 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। चालक को बंधक बनाकर लूटा था स्क्रैप से भरा ट्रक खन्ना के एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया के अनुसार, 29 अगस्त की रात थाना सदर खन्ना क्षेत्र में स्क्रैप से भरे ट्रक को लूटे जाने की वारदात सामने आई थी। राजपुरा निवासी ट्रांसपोर्टर सुमित सहगल की शिकायत पर 30 अगस्त को पुलिस ने मामला दर्ज किया। शिकायत के अनुसार, करीब पांच आरोपियों ने ट्रक चालक बचन सिंह को कथित रूप से बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की और बाद में उसे सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। इसके बाद आरोपी स्क्रैप से भरा ट्रक लेकर फरार हो गए। ट्रक में करीब साढ़े चार लाख रुपये मूल्य का स्क्रैप लदा बताया गया था। जांच में सामने आई कथित मास्टरमाइंड की भूमिका मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया। जांच के दौरान पुलिस ने चेतन कुमार लाडी और उसके पिता प्रेम प्रकाश, दोनों निवासी भामियां, लुधियाना, को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ के दौरान कथित तौर पर तरुण कुमार उर्फ तरुण सिंह, निवासी डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद, कीभूमिका सामने आई। पुलिस के अनुसार, तरुण को गिरोह का कथित मास्टरमाइंड माना जा रहा है और वारदात के बाद वह पश्चिम बंगाल फरार हो गया था।

सरदार सुखबीर सिंह बादल ने गिद्दड़बाहा में ओलावृष्टि से प्रभावित 300 किसानों और खेतिहर मजदूरों को 1000 क्विंटल गेंहू वितरित किया

डेली आवाज भारती



मुक्तसर : शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज गिदड़े बाहा हलके के भलाईआणा और कोटली गांवों में अप्रैल में हुई विनाशकारी ओलावृष्टि के दौरान फसल और आजीविका के नुकसान से प्रभावित 300 किसानों और खेतिहर मजदूरों को लगभग 100 क्विंटल गेंहू वितरित किया गया। अकाली दल अध्यक्ष ने प्रत्येक किसान और मजदूर को चार क्विंटल गेंहू वितरित किया। ओलावृष्टि के कारण दोनों गांवों में लगभग 2000 एकड़ गेंहू की फसल तबाह हो गई थी।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरदार सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार किसानों के प्रति अपना कर्तव्य निभाने में असफल रही , इसीलिए अकाली दल किसानों की सहायता के लिए गेंहू वितरण अभियान चला रहा है। उन्होने कहा,'' अप्रेल में बेमौसमी ओलावृष्टि होने के कारण किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ था , उस समय आप पार्टी की सरकार ने उन्हें अधर में छो दिया, पिछले साल बो के कारण लगभग दो लाख एके धान की फसल के तबाह होने पर कोई मुआवजा नही दिया गया था।'' सरदार बादल ने कहा कि गेंहू वितरण अभियान पहले ही लंबी, मलोट, फतेहगे साहिब और अन्य जगहों पर चलाया जा चुका है और यह उसका ही भाग है। उन्होने इस अवसर आगे आकर जरूरतमंद किसानों और खेतिहर मजदूर परिवारों को वितरण के लिए गेंहू एकत्र करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। अकाली दल अध्यक्ष ने इस अवसर पर किसानों से भी बातचीत की। सभी किसानों ने उन्हें बताया कि लंबे समय तक बिजली कटों के कारण उनकी धान की फसल खतरे में है। उन्होने बताया कि वे दस से बारह घंटे के बिजली कटों से पीड़ित हैं। सरदार बादल ने कहा कि अकाली दल इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और सरकार को नींद से जगाने के लिए 16 सितंबर को राज्य भर में विरोध प्रदर्शन कर दिन के समय पर्याप्त बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करने के लिए मजबूर करेगा। अकाली दल अध्यक्ष के साथ आए वरिष्ठ नेताओं में नवतेज सिंह कौनी, तेजिंदर सिंह मिडडूखेड़ा ,गुरमीत सिंह मान, बीबी गुरदयाल कौर मल्हन, और गुरविंदर सिंह भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री बताएं कि दिन में 10 घंटे की बिजली की आपूर्ति कहां है, जिसका उन्होने किसानों को सार्वजनिक मंचों से देने का वादा किया था: सरदार सुखबीर सिंह बादल

बठिंडा जिला परिषद के चेयरमैन और वाईस चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभालने पर शिरोमणी अकाली दल के स्वर्ण सिंह पूहली और जसकरण कौर बल्लूआणा को बधाई दी

डेली आवाज भारती



बठिंडा। शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज मुख्यमंत्री भगवंत मान से सवाल किया कि वह बताएं कि दिन में दस घंटे की बिजली की आपूर्ति कहां है , जिसका उन्होने राज्य के किसानों को सार्वजनिक मंचों से देने का वादा किया था। यह कहते हुए कि मुख्यमंत्री मंचों से झूठ बोल रहे थे, अकाली दल अध्यक्ष ने कहा,'' सच तो यह है कि किसान रोजाना 8 से 10 घंटे बिजली की कटौती से जूझ रहा है। उद्योगों को भी 6 से 8 घंटे की बिजली कटौती का सामना करना पे रहा है, जिससे उनका कामकाज ठप्प हो गया है।'' सरदार बादल आज यहां जिला परिषद के चेयरमैन स्वर्ण सिंह पूहली और वाईस चेयरमैन जसकरण कौर बल्लुआणा को सम्मानित करने के लिए आए थे। उन दोनों ने आज पदभार संभाला है। सरदार बादल ने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री को जल्दबाजी में अधिकारियों को बदलने जैसे कदम उठाने के बजाय, बिजली खरीद के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने में अपनी नाकामी को स्वीकार करना होगा। उन्होने कहा,'' मौजूदा में लगभग 8000 से 9000 मेगावाट बिजली की कमी है, जिसे आम आदमी सरकार पूरा करने में असमर्थ है। यह संभव हो सकता था यदि बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पहले से किए गए होते, जैसा कि पूर्व मुख्यमंत्री सरदार परकाश सिंह बादल ने किया था।'' अकाली दल अध्यक्ष ने पूर्ववर्ती कांग्रेस और मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार दोनों पर राज्य में बिजली क्षेत्र को बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होने कहा,'' हमने नए थर्मल प्लांट स्थापित करके और सोलर पावर संयंत्र स्थापित कर राज्य को सरप्लस बिजली प्रदान की। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकार दोनों ही इस पर निर्माण करने में विफल रही हैं और पिछले दस सालों में राज्य के बिजली भंडार में एक मेगावाट बिजली भी नही जो ी है। यही कारण है कि पंजाब अब इतनी बदतर स्थिति से जूझ रहा है।'' आगामी विधानसभा चुनावों में शिरोमणी अकाली दल का समर्थन करने की अपील करते हुए सरदार बादल ने कहा,'' मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि 2007 की तरह जब हमने पंजाब को बिजली सरप्लस बनाने के लिए कई कदम उठाए थे।

लूटपाट गिरोह के खिलाफ साहनेवाल पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

- नाकाबंदी के दौरान पकड़े गए आरोपी; मोटरसाइकिल, धारदार दात, छह मोबाइल फोन, पर्स, आधार कार्ड और नकदी बरामद–दो दिन के पुलिस रिमांड पर

डेली आवाज भारती



लुधियाना/रवीश कपूरः लुधियाना में लूटपाट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना साहनेवाल पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट की वारदातों से संबंधित सामान और अपराध में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए हैं। आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल, लोहे का दात, छह मोबाइल फोन, एक पर्स, आधार कार्ड और 400 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर लुधियाना स्वप्न शर्मा, आईपीएस के दिशा-निर्देशों के तहत समाज- विरोधी तत्वों और लूटपाट की घटनाओं में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान की गई। डीसीपी ग्रामीण लुधियाना गुरसेवक सिंह बराड़, पीपीएस, एडीसीपी जोन-2 करणवीर सिंह, पीपीएस तथा एसीपी दक्षिणी लुधियाना अंग्रेज सिंह, पीपीएस के दिशा-निर्देशन में थाना साहनेवाल के प्रभारी इंस्पेक्टर दलवीर सिंह के नेतृत्व में चौकी कंगणवाल के प्रभारी एएसआई नवजोत सिंह और पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को 12 सितंबर 2026 को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर चंबल घाटी, इंडस्ट्रियल एरिया, लुधियाना में नाकाबंदी की गई। इसी दौरान पुलिस ने मनप्रीत सिंह उर्फ चीमा, निवासी हरगोबिंद नगर, ग्यासपुरा, लुधियाना और नीरज कुमार, निवासी बाबू लाल का विहड़ा, हरगोबिंद नगर, ग्यासपुरा, लुधियाना को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से काले रंग की होंडा ड्रीम मोटरसाइकिल, एक लोहे का दात, विभिन्न कंपनियों के छह मोबाइल फोन, एक पर्स, आधार कार्ड और 400 रुपये नकद बरामद किए गए। इस संबंध में थाना साहनेवाल में मुकदमा नंबर 301, दिनांक 12 सितंबर 2026, धारा 304, 3(5) बीएनएस केतहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 13 सितंबर को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क, पूर्व में की गई वारदातों और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

खेल मंत्री के घर के समक्ष 16 सितंबर को लगने वाले धरने के लिए जाएेगा बड़ा काफिला : किसान नेता



किसान बैठक के दौरान जानकारी देते हुए।

- धरने को लेकर 30 गांवों के किसान नेताओं ने बैठक करके की घोषणा

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के जिला नेता धर्म सिंह सिधू व गुरबख्श सिंह की अध्यक्षता में गुरु घर संगतसर मादीके में 30 से 35 गांवों के किसानों व मजदूरों की बैठक हुई। बैठक संबंधी जानकारी देते हुए मेजर सिंह ने बताया कि किसानों-मजदूरों की मांगों की पूर्ती के लिए आज से खेती मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डीयां के घर के आगे केएमएम का धरना शुरु हो गया है और उसे धरने में बड़ी संख्या में शामिल होने की घोषणा की गई है। किसान नेताओं ने कहा कि 16 सितंबर को गुरुहरसहाय क्षेत्र से सैकड़ों किसान ट्रैक्टर ट्रालियों, कारों, जीपों आदि पर काफिले के रुप में धरने में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह धरना किसानों की कर्जा माफी, शंभु-खनोरी बार्डर पर चोरी हुई सामान की भरपाई, नरेगा 700 रुपए दिहाड़ी, बिजली शोध बिल 2025 के खिलाफ प्रस्ताव पास करने की मांगों को लेकर दिया जा रहा है। इस मौके पर अन्य के अलावा फुम्मन सिंह, निशान सिंह, कश्मीर सिंह, अवतार सिंह, जस्सा सिंह, दर्शन सिंह, बाज सिंह, कपूर सिंह, सुखदेव सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे।

ज़रूरतमंद लड़कियों को बांटीं हाइजीन किटें

चश्मा बांटने का तीसरा कैंप 20 सितंबर को होगा : मिट्टी फाउंडेशनो

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन सिंगला काली) अपनी समाज सेवा की कोशिशों को जारी रखते हुए, मिट्टी फ़ाउंडेशन ने 6 सितंबर को आर्थिक रूप से कमज़ोर और ज़रूरतमंद लड़कियों को हाइजीन किट बांटीं। इस समाज कल्याण अभियान के तहत अलग-अलग जगहों पर कुल 170 हाइजीन किट बांटी गई।

खास तौर पर, स्ट्रीट नंबर 4 (सेखा रोड) में ज़रूरतमंद लड़कियों को 50 किट, स्ट्रीट नंबर 12 (सेखा रोड) में 50 किट और भाथलान गांव में 70 किट दी गईं। किट पाने वाली लड़कियों और उनके परिवारों ने मिट्टी फ़ाउंडेशन की इस पहल पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस अभियान को लेकर लोगों का उत्साह और प्रतिक्रिया बहुत ज़बरदस्त और असरदार रही। इस पूरे अभियान का नेतृत्व मिट्टी फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. हेम राज गर्ग ने किया, जो बरनाला नगर निगम के पार्षद भी हैं। इस मौके पर फ़ाउंडेशन के सदस्य बलवीर सिंह, सुरेश कुमार और लवप्रीत कौर भी मौजूद थे और उन्होंने इस पहल को सफल बनाने में योगदान दिया।

20 सितंबर को चश्मा बांटने का तीसरा कैंप

इस मौके पर मिट्टी फ़ाउंडेशन ने घोषणा की कि 20 सितंबर, 2026 को चश्मा बांटने का तीसरा कैंप आयोजित किया जाएगा। यह तीसरा कैंप फ़ाउंडेशन द्वारा पहले आयोजित किए गए चश्मा बांटने के दो कैंपों को मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया के बाद आयोजित किया जा रहा है। फ़ाउंडेशन का मकसद आर्थिक रूप से कमज़ोर और ज़रूरतमंद लोगों की बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करना है। डॉ. हेम राज गर्ग ने कहा कि मिट्टी फ़ाउंडेशन समाज के ज़रूरतमंद वर्गों के लिए स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और अन्य समाज कल्याण गतिविधियों के लिए अपनी कोशिशें जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि जनता से मिला प्यार और भरपूर समर्थन फ़ाउंडेशन को और भी बड़े पैमाने पर समाज सेवा की गतिविधियां करने के लिए प्रेरित करता है।

खालसा यूनिवर्सिटी द्वारा टैलेंट हंट-2026 और शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

डेली आवाज भारती




अमृतसर। खालसा यूनिवर्सिटी द्वारा खालसा कॉलेज के सहयोग से टैलेंट हंट-2026 और शिक्षक दिवस-2026 कार्यक्रम आयोजित किया गया। खालसा यूनिवर्सिटी के उपकुलपति डॉ. मे`` सिंह के दिशा-निर्देशों पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी की अकादमिक मामलों की डीन डॉ. सुरिंदर कौर और भाषाओं की डीन डॉ. रमिंदर कौर ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक साझा मंच पर एकत्रित होकर रचनात्मकता, प्रतिभा और शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. सुरिंदर कौर ने कहा कि आयोजित 'टैलेंट हंट-2026' और शिक्षक दिवस समारोह विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को मजबूत करने वाला प्रयास है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ संगीत, नृत्य, कविता, भाषण और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी अपार क्षमता होती है। ऐसे कार्यक्रम उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर डॉ. रमिंदर कौर ने कहा कि 'टैलेंट हंट-2026' जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना भी है। ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करने के साथ-साथ नई चुनौतियों को स्वीकार करने का हौसला प्रदान करते हैं। इस अवसर पर शिक्षक दिवस की महत्ता के बारे में डॉ. सुरिंदर कौर और डॉ. रमिंदर कौर ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं तथा विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में उनकी भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों का सम्मान करने, शिक्षा को जीवन में अमल में लाने और अपनी प्रतिभा का उपयोग समाज की भलाई के लिए करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने तथा मेहनत, अनुशासन और अच्छे संस्कारों को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले विभागाध्यक्ष डॉ. सानिया मरवाहा ने समारोह में पहुंचे विशेष अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों ने समारोह में जोश और उत्साह भर दिया।

मुख्य सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले फूल विक्रेताओं के खिलाफ एमसीए की सख्त कार्रवाई

रंजीत एवेन्यू और आसपास के क्षेत्रों में अवैध फूल स्टॉल हटाए गए, दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी

डेली आवाज भारती



अमृतसर। नगर निगम अमृतसर (MCA) के नगर निगम कमिश्नर (CMC) बिक्रमजीत सिंह शेरगिल (IAS) तथा अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के निर्देशों के तहत MCA ने आज रंजीत एवेन्यू और इसके आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण विरोधी अभियान को तेज करते हुए मुख्य सड़कों, फुटपाथों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने वाले फूल विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस विशेष अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना, पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथों को खाली करवाना तथा रंजीत एवेन्यू और आसपास के क्षेत्रों की सड़कों एवं फुटपाथों को अवैध व्यावसायिक कब्जों से मुक्त रखना था।अभियान के दौरान MC की टीमों ने सड़कों और फुटपाथों पर लगाए गए अवैध फूल स्टॉल, फूलों की टोकरियां, डिस्प्ले सामग्री तथा अन्य सामान हटाया। इन अतिक्रमणों के कारण पैदल यात्रियों को परेशानी हो रही थी और रंजीत एवेन्यू क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही थी। यह कार्रवाई सचिव-कम-एस्टेट ऑफिसर सुषांत भाटिया तथा एस्टेट ऑफिसर धर्मिंदरजीत सिंह की निगरानी में की गई। उन्होंने फील्ड टीमों को अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सार्वजनिक सड़कें और पैदल मार्ग आम जनता के लिए खुले रहें। इंस्पेक्टर प्रीति चौहान ने अन्य स्ट्र प्रवर्तन अधिकारियों और फील्ड स्टाफ के साथ अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। टीमों ने रंजीत एवेन्यू की मुख्य सड़कों, फुटपाथों और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए अवैध कब्जे हटाए तथा फूल विक्रेताओं को दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी। MCA अधिकारियों ने फूल विक्रेताओं को स्पष्ट किया कि निगम उनकी आजीविका की आवश्यकता को समझता है, लेकिन सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों और पैदल मार्गों को बाधित करके व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जा सकती। विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि वे केवल निर्धारित एवं अनुमत स्थानों पर ही अपना कारोबार करें और राहगीरों तथा वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

CMYK